निष्पक्ष, निर्भीक, स्वतंत्र विचार व अपराध निरोधक मुख्य हिन्दी राष्ट्रीय समाचार पत्र

# दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा

DELHI CRIME WA BHRASHTACHAR VIRODHI MORCHA

Website- Delhicrimepress.in
Email-info@delhicrimepress.in

RNI No. DELHIN/2005/15378 | DCP Lic. No. F-2(D-9)PRESS/2005 | वर्ष-01 | बुधवार 22 जून 2022 | पीडीएफ अंक-63 | पृष्ठ-8 | मूल्य-निःशुल्क

**मौसम**

अधिकतम –37 सूर्योदय – 5 : 24
न्यूनतम – 27 सूर्यास्त – 7 : 22

**सोना चांदी**

सोना – 52510.00 प्रति 10 ग्र चांदी – 61000.00 किलो

**अर्थसार**

सैंसेक्स – 52532.07 निफ्टी – 15638.80
रु/यूएस डॉलर – 78.12 रु/यूरो – 82.44

**न्यूज फ्लैश**

## बिरला ने संसद भवन परिसर में किया योग दिवस समारोह का नेतृत्व




**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को संसद भवन परिसर में 8वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह का नेतृत्व किया। इस कार्यक्रम में संसद सदस्य और अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर बोलते हुए बिरला ने कहा कि योग के रूप में भारतीय संस्कृति ने विश्व को एक अद्भुत उपहार दिया है, असाधारण जीवन पद्धति दी है और उत्तम स्वास्थ्य का मार्गदर्शन दिया है। योग की इस विश्वव्यापी स्वीकृति से भारत की प्राचीन विद्या, संस्कृति, विचारधारा और जीवनशैली को विश्व भर में मान्यता मिली है, नई पहचान मिली है और भारत का गौरव बढ़ा है। इस वर्ष की विषय "मानवता के लिए योग" का उल्लेख करते हुए बिरला ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिप्रेक्ष्य में मानवता के सामने जो कठिन चुनौतियां हैं, योग के माध्यम से उनका सामना करना संभव है।

## पंजाब में भ्रष्टाचार के आरोप में आईएएस गिरफ्तार, 3.5 लाख रुपये की रिश्वत लेने का आरोप

**-भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त दिख रही मान सरकार**

**चंडीगढ़।** पंजाब स्टेट विजिलेंस ने बड़ी कार्रवाई की है। नेताओं के बाद अब राज्य के नौकरशाह भी भ्रष्टाचार मामले में विजिलेंस के रडार पर हैं। आईएएस अधिकारी संजय पोपली और उनके सहयोगी एक सरकारी अधिकारी को भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया है। आईएएस पोपली पर कांग्रेस की पिछली सरकार के दौरान ठेका देने में कमीशन मांगने का आरोप है। सतर्कता अधिकारियों ने दावा है कि पोपली को साढ़े तीन लाख का भुगतान किया जा चुका था। बाकी के साढ़े तीन लाख देने के लिए वह दवाब डाल रहे थे। एफआईआर के अनुसार, पोपली ने कथित तौर पर कांग्रेस शासन के दौरान नवांशहर में 7.5 करोड़ रुपये की सीवरेज परियोजना के ठेकेदार से एक प्रतिशत कमीशन की मांग की थी। उस समय पोपली वाटर एंड सीवरेज बोर्ड के सीईओ थे। ठेकेदार ने 12 जनवरी को आईएएस अधिकारी के सचिव के रूप में तैनात अधीक्षक स्तर के अधिकारी संजीव वत्स के माध्यम से 3.5 लाख रुपये का भुगतान किया था। ठेकेदार ने इसका वीडियो रिकॉर्ड किया था। सतर्कता अधिकारियों ने बताया कि पोपली ठेकेदार से शेष 3.5 लाख रुपये की मांग कर रहे थे। ठेकेदार ने इसके भी फोन कॉल रिकॉर्ड कर लिए। तंग आकर उसने भ्रष्टाचार विरोधी हेल्पलाइन पर शिकायत कर दी। इसके बाद विजिलेंस ब्यूरो पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफ धारा 7,7ए और 120 बी के तहत एफआईआर दर्ज की गई। विजिलेंस ने कार्रवाई करते हुए आईएएस पोपली को चंडीगढ़ में सेक्टर 20 स्थित उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। सह आरोपी संजीव वत्स को जालंधर से गिरफ्तार किया है। आम आदमी पार्टी सरकार ने सत्ता में आने के बाद भ्रष्टाचार के महिम छेड़ रखी है। कांग्रेस की कैप्टन सरकार के दौरान वन मंत्री रहे साधू सिंह धर्मसोत भ्रष्टाचार के आरोप में न्यायिक हिरासत के तहत जेल में हैं। पूर्व मंत्री संगत सिंह खिलाफ भी भ्रष्टाचार के मामले में एफआई दर्ज कर जांच चल रही है। इसके अलावा, विजिलेंस विभाग ठेकदारों की शिकायत पर खाद्य एवं आपूर्ति विभाग में हुए 2000 करोड़ रुपए के कथित टेंडर घोटाले में पूर्व मंत्री भारत भूषण आशु की भूमिका की जांच कर रही है। पूर्व मंत्री तृप्त राजिंदर सिंह बाजवा भी सरकारी भूमि बेचने के मामले में जांच के दायरे में हैं। इसके अलावा सीएम भगवंत मान ने अब तीन-चार पूर्व मंत्रियों के खिलाफ कार्रवाई की बात कहकर कांग्रेस को परेशानी में डाल दिया है।

## राजद के बाहुबली विधायक अनंत सिंह को एके-47 मामले में 10 साल की सजा, जा सकती है विधायकी

**पटना।** बिहार के मोकामा से आरजेडी के बाहुबली विधायक अनंत सिंह को एके-47 मामले में कोर्ट ने 10 साल की सजा सुनाई है। पैतृक गांव नदवां स्थित घर से एके-47 और ग्रेनेड बरामदगी मामले में एमपी/एमएलए कोर्ट के विशेष जज त्रिलोकी नाथ दुबे ने आरोपित मोकामा के विधायक अनंत सिंह को यह सजा सुनाई गई है। इस मामले में एक और दोषी सुनील सिंह को भी दस साल की सजा सुनाई गई है। सजा के ऐलान के बाद राजद विधायक अनंत सिंह की विधायकी जा सकती है। कानून के मुताबिक दो साल से अधिक सजा होने पर विधायकी समाप्त होने का प्रावधान है। सजा के बाद अनंत सिंह के वकील ने बताया कि कोर्ट ने अनंत सिंह को 10 साल की सजा सुनाई है। उनके वकील के मुताबिक वे लोग हाईकोर्ट में अपील करेंगे। उन्होंने बताया कि सारी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। अदालत ने कहा है कि अभियुक्त ने जितने दिन जेल में बिताये हैं, सजा से कट जायेगा। अनंत सिंह अपने दबंग स्टाइल और बेबाक बोली के लिए भी जाने जाता हैं। मोकामा विधायक जानवरों से जुड़ी शौक को लेकर पर काफी चर्चे में रहते हैं। यह मामला बाढ़ थाना कांड संख्या 389/2019 से जुड़ा है। मामले में बाढ़ सहित विभिन्न थानों की पुलिस ने 16 अगस्त 2019 को विधायक अनंत सिंह के पैतृक गांव नदवां स्थित घर में छापेमारी कर एके-47, 7.62 एमएम की 26 गोलियां और दो ग्रेनेड बरामद किया था। पुलिस ने अनंत सिंह और सुनील राम के खिलाफ 4 नवंबर 2019 को आरोप पत्र दाखिल किया था। आरोप पत्र आईपीसी की धारा 414, आर्म्स एक्ट की धारा 25 (1-ए), 25 (1-एए), 25 (1-बी), सी, 27 एवं विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 3/4 के तहत दाखिल किया गया था। इसमें 13 जून को कानूनी प्रक्रिया पूरी हो गई थी। गौरतलब है कि 16 अगस्त 2019 में तत्कालीन एएसपी लिपि सिंह के नेतृत्व में अनंत सिंह के पैतृक गांव नदवां के आवास पर छापेमारी की गई थी।

# योग में विश्व शांति लाने की क्षमता, बने जीवन जीने का माध्यम: प्रधानमंत्री मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को मैसूर में योग दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि योग में विश्व शांति लाने की क्षमता है। योग व्यक्ति को ही नहीं समुदायों और राष्ट्रों को भी संघर्ष के भाव से मुक्ति दिलाकर शांति देता है। प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को मैसूर प्लेस प्रांगण में योग दिवस कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कि योग के व्यक्तिगत और सामूहिक लाभ बताये और योग से जुड़ी जीवनशैली के महत्व को रेखांकित किया। योग दिवस के माध्यम से प्रधानमंत्री ने भारत की वैश्विक भूमिका भी समझाई। उन्होंने कहा कि योग की अनादि यात्रा भविष्य को दिशा देते हुए आगे चलती रहेगी। हम सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामया के भाव के साथ एक स्वस्थ और शांतिपूर्ण विश्व को योग के माध्यम से भी गति देंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान हिंदी और अंग्रेजी में दिए गए संबोधन में देश तथा दुनिया को योग से जुड़ी जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। प्रधानमंत्री ने कहा- "योग केवल व्यक्ति को शांति प्रदान नहीं करता बल्कि पूरे समाज को शांति प्रदान करता है। इससे देश को शांति मिलती है और सारे ब्रह्मांड को शांति मिलती है।" उन्होंने कहा कि योग हमें ब्रह्मांड से जोड़ता है और हमें आंतरिक रूप से जागरूक बनाता है। प्रधानमंत्री ने योग दिवस को संपूर्ण मानवता के साथ जोड़ा। उन्होंने कहा कि इस बार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का थीम 'योगा फॉर ह्यूमेनिटी' है। आज योग्य वैश्विक सहयोग का पारस्परिक आधार बन रहा है। योग मानव मात्र को निरोग जीवन का विश्वास दे रहा है। दुनिया के लोगों के लिए योग आज केवल जीवन का एक हिस्सा नहीं बल्कि जीवन जीने का एक माध्यम बन रहा है। तनावपूर्ण माहौल में थोड़े समय के लिए किया गया ध्यान हमें न केवल तनाव मुक्त करता है बल्कि हमारी उत्पादकता को भी बढ़ाता है। योग केवल एक अतिरिक्त काम नहीं बल्कि जीवन का अभिन्न अंग है। मोदी ने कहा- 'हमें योग को जानना भी है। योग को जीना भी है। योग को पाना भी है और योग को अपनाना भी है।' इस दौरान प्रधानमंत्री ने योग स्थली मैसूर को आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बताया। प्रधानमंत्री ने योग दिवस को मिलती वैश्विक स्वीकार्यता को भारत की 'अमृत भावना' से जोड़ा। इस 'अमृत भावना' ने ही हमें स्वतंत्रता संग्राम के लिए ऊर्जा प्रदान की थी। योग दिवस पर अपनाए जा रहे नए प्रयोग का विशेष रुप से प्रधानमंत्री ने उल्लेख किया। उन्होंने कहा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस बार 'गार्डियन रिंग ऑफ योगा' किया जा रहा है। इसके लिए दुनिया के अलग-अलग देशों में सूर्योदय के साथ, सूर्य की गति के साथ लोग योग कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने मैसूर पैलेस ग्राउंड में आज योग दिवस पर सभी के साथ योग किया। इस दौरान कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई और केंद्रीय मंत्री सबार्नंद सोनोवाल भी उनके साथ मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि हर वर्ष 21 जून को दुनिया में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। यह दिन इस कारण भी महत्वपूर्ण है कि यह उत्तरी गोलार्ध में सबसे बड़ा दिन होता है।

## अग्निपथ योजना को लेकर चल रही कई अफवाहें, इनपर ध्यान न दे : सेना

**नई दिल्ली।** अग्निपथ योजना को लेकर सेना ने फिर अपना पक्ष सामने रखा है। इस स्कीम को लेकर चल रही अफवाहों को नकारा है। डिपार्टमेंट ऑफ मिलिट्री अफेयर्स के अतिरिक्त सचिव, लेफ्टिनेंट जनरल अनिल पुरी ने कहा कि, जब भी कोई रिफार्म आता है, तब उस पर सवाल भी उठते हैं लेकिन यह देश की रक्षा का सवाल है। योजना को लेकर कुछ गलत खबरें भी चलाई जा रही है जो कि दिन भर में फेंक न्यूज बन गई। किसी ने यह अफवाह भी फैला दी थी कि पुराने जवानों को भी योजना में भेजा जाएगा, यह पूरी तरह से फर्जी खबर थी। लेफ्टिनेंट जनरल पुरी ने साफ किया कि, योजना में भर्ती के लिए ट्रेनिंग में कोई बदलाव नहीं किया गया है। ऑल इंडिया ऑल क्लास भर्ती और रेजिमेंट में कोई बदलाव नहीं हुआ है। लेफ्टिनेंट जनरल पुरी ने कहा कि, कई समय से इस स्कीम पर काम चल रहा था कई कमेटी ने अपने सुझाव दिए थे। तीनों सेना के अधिकारियों में अग्नि पथ स्कीम के लिए 150 बैठकें हुई और 500 घंटे तक मंथन किया गया। रक्षा मंत्रालय ने 60 मीटिंग की, जिसमें 150 घंटे तक विचार-विमर्श हुआ। इसके अलावा सरकार ने भी 44 बैठकें हुई जिसमें 100 घंटे तक चर्चा हुई। लेफ्टिनेंट पुरी ने कहा कि, ये देखकर अच्छा लग रहा है कि देश के नौ जवानों ने अपनी फि ज़िकल ट्रेनिंग कर रहे है हम देशभक्ति का मौका दे रहे हैं, युवा इस अपने हाथों से न जाने दें।

फौज में काम करना एक जज्बा और जुनून है नौकरी नहीं। उन्होंने बताया कि, भर्ती के लिए पुलिस वेरिफिकेशन हमेशा होती है और हम शपथ पत्र जरुर लेने वाले हैं। बता दें कि अग्निपथ योजना के ऐलान के बाद देश के कुछ हिस्सों में युवाओं ने इसके विरोध में हिंसक प्रदर्शन किया था। इस दौरान पथराव और आगजनी की घटनाओं को अंजाम दिया गया। इस स्कीम के बारे में गलत जानकारी देने के आरोप में केंद्र सरकार ने 35 वॉट्सऐप ग्रुप पर बैन लगाकर युवाओं से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की थी।

## दिल्ली में संपत्ति खरीदना होगा महंगा, सर्कल रेट पर दी जा रही 20 फीसदी छूट होगी खत्म

**नई दिल्ली।** दिल्ली की केजरीवाल सरकार संपत्तियों के सर्कल रेट पर दी जा रही 20 फीसदी छूट को अब और आगे नहीं बढ़ाएगी। इससे संपत्ति की खरीद से लेकर पंजीकरण तक पर ज्यादा पैसा खर्च करना होगा। सरकार ने कोरोना महामारी के कारण अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के लिए एक अप्रैल 2021 से 30 सितंबर 2021 तक छूट की घोषणा की थी। यह छूट सभी संपत्ति श्रेणी यानी आवासीय, वाणिज्यिक और औद्योगिक तीनों वर्गों में दी गई थी। उसे फिर 31 दिसंबर 2021 तक के लिए बढ़ा दिया गया था। सरकार ने लोगों को राहत जारी रखने के लिए जनवरी 2022 से फिर दूसरी बार 30 जून 2022 तक के लिए इसे बढ़ाया था। सरकार का मानना है कि सर्कल रेट जारी रखने के फैसले से संपत्ति बाजार में लंबे समय से जारी आर्थिक सुस्ती को खत्म करने में मदद मिलेगी। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, कोरोना के बाद अर्थव्यवस्था पटरी पर लौट रही है। दिल्ली समेत



आसपास के इलाकों में संपत्तियों के दाम बढ़े हैं, जिसके कारण सरकार के लिए 30 जून के बाद छूट देना संभव नहीं होगा। दिल्ली में संपत्तियों को आठ श्रेणियों में बांटकर उसका सर्कल रेट तय किया गया है।

## शाह ने श्री गुरुपीठ त्र्यंबकेश्वर में चैरिटेबल हॉस्पिटल का किया शिलान्यास

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को नई दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए श्री गुरुपीठ, त्र्यंबकेश्वर में बनने वाले 'सद्गुरु परमपूज्य मोरेदादा चैरिटेबल हॉस्पिटल' का शिलान्यास किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में अमित शाह ने कहा कि नासिक और त्र्यंबकेश्वर की यह भूमि ऐतिहासिक भूमि रही है, गोदावरी का यह पावन तट ज्योतिर्लिंग तो है ही साथ ही रामायण कालीन अनेक घटनाओं का साक्षी भी रहा है। आज इसी पावन भूमि पर मोरेदादा हॉस्पिटल का शिलान्यास होना हम सबके लिए बहुत ही हर्ष की बात है, इतने बड़े अस्पताल में हजारों लोगों को बहुत कम दर पर स्वास्थ्य लाभ का फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह हॉस्पिटल न केवल इस समग्र क्षेत्र को फायदा पहुंचाएगा परंतु सेवा कार्य में जुड़े हुए देश के हजारों लोगों के लिए




यह प्रेरणा स्त्रोत बनेगा। यह अस्पताल आम जनता और श्रद्धालुओं की सहभागिता से बन रहा है। लोगों से एक -एक रुपया इकट्ठा कर किस प्रकार से सेवा का यज्ञ किया जाता है। यह इसका उत्कृष्ट उदाहरण है जो पूरे देश में सेवा कार्य में लिप्त सभी लोगों को प्रेरणा देगा। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने स्वास्थ्य के लिए ढेर सारे काम किए हैं, तीन हिस्सों में एक समग्रता से स्वास्थ्य के विकास के लिए काम किया है। पहला मॉडर्न मेडिकल साइंस से जुड़े हुए इंफ्रास्ट्रक्चर और मानव संसाधन का विस्तार करना। दूसरा आयुष जैसी पारंपरिक भारतीय चिकित्सा पद्धति में रिसर्च और अनुसंधान को आगे बढ़ाना और आयुर्वेद व योग के माध्यम से शरीर को निरामय करने के लिए आगे बढ़ना। आज ही हमने इसका एक उदाहरण देखा है कि योग दिवस के दिन समग्र विश्व में करोड़ों लोग भारत की यह निरामय शरीर की पद्धति को स्वीकारते हुए योग दिवस मना रहे हैं। तीसरा मॉडर्न और भविष्य की टेक्नोलॉजी के माध्यम से देश के हर व्यक्ति, हर हिस्से तक अफॉर्डेबल स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाना। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय स्वामी समाज सेवा मार्ग 70 साल से अधिक वर्षों से सेवा के काम से जुड़ा है, उसने न केवल एक क्षेत्र बल्कि विश्वभर में सेवा और संस्कार दोनों के काम को आगे बढ़ाया है। परम पूजनीय गुरुमाऊली जी ने सामाजिक सुधारों का 18 सूत्रीय ग्राम एवं नगर विकास अभियान शुरू किया और यह अपने आप में एक बहुत बड़ा उदाहरण है। गांधी जी कहते थे अगर ग्राम विकास हो जाए तो देश का विकास हो जाएगा, गुरु माऊली जी ने यह जो अभियान शुरू किया है वह गांधी जी के संपूर्ण गांव की कल्पना को चरितार्थ करने वाला है।

## राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार डोभाल ने अग्निपथ योजना का किया समर्थन, कहा देश की जरुरत

**नई दिल्ली।** देश के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने अग्निपथ योजना पर कई सारी बातें कही हैं। उन्होंने कहा कि जो हम कल कर रहे थे, अगर वहीं भविष्य में भी करते रहे, तब हम सुरक्षित रहने वाले हैं, ये जरूरी नहीं। यदि हमें कल की तैयारी करनी है, तब हमें परिवर्तित होना पड़ेगा। आवश्यक इसलिए था क्योंकि भारत में, भारत के चारों तरफ माहौल बदल रहा है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि आज भारत में बनी एके-203 के साथ नई असॉल्ट राइफल को सेना में शामिल किया जा रहा है। यह दुनिया की सबसे अच्छी असॉल्ट राइफल है। सैन्य उपकरणों में बहुत प्रगति की जा रही है। डोभाल ने कहा कि पिछले 8 सालों में स्ट्रक्चरल सुधार बहुत सारे हुए हैं। 25 साल से सीडीएस का मुद्दा पड़ा हुआ था। राजनीतिक इच्छाशक्ति न होने के कारण इस अमल में नहीं लाया जा सका था। आज हमारे डिफेंस एजेंसी की अपनी स्पेस की स्वतंत्र एजेंसी है। रेजिमेंट के सिद्धांत के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं होगी, जो रेजिमेंट हैं वे रहेंगी। अग्निवीर पूरी आर्मी कभी नहीं होने वाले हैं, अग्निवीर सिर्फ पहले 4 साल में भर्ती किए गए जवान होने वाले हैं। बाकी सेना का बड़ा हिस्सा अनुभवी लोगों का होगा। जो अग्निवीर नियमित होगा (4 साल बाद) उन्हें कड़ी ट्रेनिंग दी जाएगी। डोभाल ने इंटरव्यू में कहा कि बदलते समय के साथ सेना में बदलाव जरूरी है। इस एक नजरिये से देखने की जरूरत है। अग्निपथ अपने आप में एक स्टैंडअलोन योजना नहीं है। इसके अलावा अग्निपथ योजना को लेकर हुए विरोध प्रदर्शन पर राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार डोभाल ने कहा कि एफआईआर दर्ज की गई, आरोपी की पहचान की गई, उचित जांच के बाद हम कह सकते हैं कि इसके पीछे कौन था। एक पूरी तरह से जांच होनी चाहिए। इसके अलावा उन्होंने कहा कि हम एक बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहे हैं।

## सीबीएसई 10 की टर्म 2 परीक्षा के परिणाम इस माह के अंत तक आ सकते हैं

**12 वीं का परिणाम जुलाई के दूसरे सप्ताह तक आने की उम्मीद**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) इस महीने कक्षा 10 की टर्म 2 परीक्षा के परिणाम की घोषणा कर सकता है, जबकि 12 वीं का परिणाम 2022 जुलाई के दूसरे सप्ताह तक घोषित हो सकता हैं। सीबीएसई के सूत्रों ने बताया कि कक्षा 10 का परिणाम जून के अंत या जुलाई के पहले सप्ताह तक घोषित हो सकता हैं, जबकि अगले महीने 12वीं के परिणाम 2022 की उम्मीद कर सकते हैं। सीबीएसई कक्षा 10 परीक्षा 2022 के लिए मूल्यांकन प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है, परिणाम की तारीख जल्द ही अंतिम




रूप दी जाएगी। सीबीएसई कक्षा 10, 12 के परिणाम एक बार जारी होने के बाद बेवसाइट पर उपलब्ध होगा। सीबीएसई टर्म 2 परिणाम 2022 में टर्म 1 और 2 परीक्षा का समग्र प्रदर्शन शामिल होगा, छात्र अधिकारी वेबसाइट से स्कोरकार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। इस बीच, टर्म 1 के परिणाम के दौरान, बोर्ड स्कूलों को परिणाम पत्रक भेजता है, और छात्र संबंधित स्कूलों से अपनी मार्कशीट एकत्र करते हैं। 26 अप्रैल से 15 जून तक आयोजित सीबीएसई 10वीं, 12वीं टर्म 2 परीक्षा 2022 के लिए 35 लाख से अधिक छात्र उपस्थित हुए। कुल 21 लाख छात्रों ने अपनी कक्षा 10 की परीक्षा दी, जबकि 14 लाख छात्र 12वीं की परीक्षा 2022 में शामिल हुए। छात्रों को कक्षा 10, 12 की परीक्षा पास करने के लिए न्यूनतम 30 प्रतिशत अंक लाना होगा। छात्र आधिकारिक वेबसाइटों के अलावा डिजिलॉकर एप और वेबसाइट पर स्कोरकार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

## आर्थिक विकास की ओर अग्रसर हैं भारत-वियतनाम: ओम बिरला

**नई दिल्ली।** लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी के हो ची मिन्ह सिटी के पार्टी सचिव नूयेन वान नेन से संसद भवन में भेंट की। इस अवसर पर बिरला ने वान नेन का संसद भवन में स्वागत किया। अपनी वियतनाम यात्रा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा की हो ची मिन्ह सिटी, वियतनाम की बढ़ती समृद्धि, आर्थिक सफलता और आधुनिकीकरण का प्रतीक है। भारत-वियतनाम राजनयिक संबंधों की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर दोनों देशों के बीच आपसी संबंधों को मजबूती देने के विषय में बिरला ने कहा कि वियतनाम के वित्तीय, तकनीकी और औद्योगिक केंद्र के रूप में, हो ची मिन्ह सिटी भारत-वियतनाम आर्थिक और व्यापारिक संबंधों में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। दोनों देशों में कोरोना महामारी से उत्पन्न कठिनाइयों के बाद मजबूत आर्थिक




सुधार का उल्लेख करते हुए बिरला ने कहा कि व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, सतत विकास, डिजिटल अर्थव्यवस्था आदि के क्षेत्र में दोनों देशों को आपसी सहयोग को और मजबूत करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि कोविड महामारी के बाद भारत और वियतनाम दोनों ही सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन के साथ मजबूत आर्थिक विकास की ओर अग्रसर हैं। बिरला ने कहा कि पीएम गतिशक्ति, नई शिक्षा नीति, कौशल विकास आदि के रूप में शिक्षा, स्वास्थ्य तथा इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, में आए नए निवेश भारत को सुनहरे भविष्य की ओर आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भारत और वियतनाम के बीच मजबूत व्यापार और सभ्यतागत संबंध हैं जो भविष्य में भी मजबूत होते रहेंगे। लोकसभा अध्यक्ष ने आगे कहा भारत में आयोजित आसियान-भारत विदेश मंत्रियों के मीटिंग, भारत एवं वियतनाम के विदेश मंत्रियों की द्विपक्षीय बैठक तथा भारत के रक्षा मंत्री की वियतनाम यात्रा दोनों देशों के आपसी संबंधों में महत्वपूर्ण मील के पत्थर साबित हुए हैं। अपनी बैठक में बिरला ने दक्षिण पूर्वी एशिया के प्रति भारतीयों में बढ़ती रूचि तथा वियतनाम के लोगों का भारत के प्रति रुझान का उल्लेख करते हुए दोनों देशों के बीच पर्यटन संबंधों की अपार संभावनाएं पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों की साझी बौद्ध विरासत सांस्कृतिक और पर्यटन आदान-प्रदान की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। 8वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के विषय में बिरला ने कहा कि वियतनाम में योग की व्यापक लोकप्रियता हमारे दोनों समाजों के बीच एक और महत्वपूर्ण सांस्कृतिक कड़ी है। बिरला ने इस वर्ष के योग दिवस के विषय "मानवता के लिए योग" को वर्तमान संदर्भ में अत्यन्त प्रासंगिक बताया।

## रक्षा मंत्री आज ऑस्ट्रेलियाई उप प्रधानमंत्री के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे

**- दोनों रक्षा मंत्री भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच बढ़ते रक्षा सहयोग की समीक्षा करेंगे**
**- आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी होगा विचारों का आदान-प्रदान**

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार को नई दिल्ली में ऑस्ट्रेलियाई उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इस दौरान रक्षा मंत्री दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग की समीक्षा करेंगे। द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने की नई पहलों पर विचार-विमर्श के साथ वे आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। ऑस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस अपनी चार दिवसीय भारत यात्रा के पहले चरण में 20 जून को गोवा पहुंचे। गोवा में अपने प्रवास के दौरान उन्होंने आज गोवा शिपयार्ड लिमिटेड का दौरा किया और वे बाद में आईएनएस हंसा को भी देखने जाएंगे। भारत और ऑस्ट्रेलिया जून 2020 से एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी के सहभागी हैं और रक्षा क्षेत्र



इस साझेदारी का एक प्रमुख स्तंभ है। यह साझेदारी मुक्त, खुले, समावेशी और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के साझा दृष्टिकोण पर आधारित है। पूरे क्षेत्र की शांति और समृद्धि से दोनों लोकतंत्रों के आपसी हित जुड़े हुए हैं।

DELHI CRIME 22 june 2022:Layout 1 6/21/2022 7:34 PM Page 2



# सम्पादकीय

## सैन्य व्यवस्था पर व्यर्थ सियासत

अग्निपथ पर सेना के तीनों अंगों का साझा बयान महत्वपूर्ण रहा । इसके माध्यम से भ्रांतियों के निवारण का प्रयास किया गया। यह योजना देश के रक्षा हित को ध्यान में रखकर बनाई गई है। चार वर्ष बाद प्रशिक्षित युवाओं को लिए विभिन्न सुरक्षा बलों में वरीयता के लिए व्यवस्था की गई। शेष युवाओं के लिए भी अवसर कम नहीं होंगे। उनकी उच्च कोटि की ट्रेनिंग, चार वर्ष का अनुभव भी योग्यताओं में शुमार होगा। ग्यारह लाख रुपये की धनराशि भी उनकी अगली योजना में सहायक होगी।अग्निपथ में शामिल होना बाध्यकारी नहीं है। किसी अभ्यर्थी को लगता है कि वह सरकारी सेवा में अवश्य चयनित हो जाएगा, तो उसे अपना प्रयास जारी रखना चाहिए। लेकिन स्वार्थ के लिए देश की संपत्ति को आग के हवाले करने वालों की पहचान जरूरी है। इस मानसिकता के लोग देश और समाज की भलाई नहीं कर सकते। विपक्षी पार्टियों में सीएए दौर की ऊर्जा लौट आई है। उसमें भी खूब हंगामा किया गया था। शाहीन बाग से लेकर घंटा घर तक मुस्लिम महिलाओं को आगे करके धरना प्रदर्शन चल रहा था। विपक्ष के दिग्गजों के लिए ये सियासत के स्थल बन गए थे। वहां तक पहुंचने की प्रतिस्पर्धा चल रही थी। सीएए नागरिकता देने का कानून था, जबकि उपद्रव इस बात पर हो रहा था कि इस कानून से वर्ग विशेष की नागरिकता छिन जाएगी। एक बार फिर विपक्ष उसी अंदाज में सक्रिय है। अग्निपथ पर लगी आग को जम कर हवा दी जा रही है। ऐसा लग रहा है जैसे इनकी सरकार होती तो सभी बेरोजगार युवाओं को सरकारी नौकरियों से नवाज दिया जाता। यह भी बताया जा रहा है कि चार वर्ष बाद युवाओं के लिए सारे रास्ते बंद हो जाएंगे। वह रिटायर हो जाएंगे। उन्हें पेंशन नहीं मिलेगी। यहां तक कि इनका सेना के अधिकृत स्पष्टीकरण पर भी विश्वास नहीं है। वैसे ये वही लोग है जो पाकिस्तान के विरुद्ध हुई सर्जिकल स्ट्राइक के प्रमाण मांग रहे थे। एक बार फिर गैर जिम्मेदाराना आचरण किया जा रहा है। सेना से संबंधित विषय पर सियासत की एक सीमा अवश्य होनी चाहिए। भारत को चीन की चुनौती से निपटने के लिए अनेक मोर्चों पर तेज प्रयास करने पड़ रहे हैं। यूपीए के दस वर्षों के दौरान इस क्षेत्र में बहुत लापरवाही की गई। चीन भारतीय सीमा पर ढांचा गत सुविधाओं का विस्तार करता रहा। मनमोहन सिंह सरकार हाथ पर हाथ धरे रही। उसे लगता था कि भारत सीमा पर निर्माण करेगा तो चीन नाराज हो जाएगा। इसी प्रकार रक्षा त्योरियां आगे नहीं बढ़ाई गईं। वही लोग आज अग्निपथ पर सवाल उठा रहे हैं। युवाओं को गुमराह किया जा रहा है। आप नेता संजय सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी ने सेना को सुरक्षा गार्ड ट्रेनिंग सेंटर बना दिया है। यह शर्मनाक बयान है। एक बार फिर अपनी ही सेना की क्षमता पर प्रश्न उठाया गया है। भारतीय सेना की ट्रेनिंग शानदार होती है। इसको गार्ड ट्रेनिंग बताना दुनिया में भारतीय सेना की छवि को धूमिल करने का आपत्तिजनक प्रयास है। सोनिया गांधी ईडी जांच का सामना कर रही हैं। उन्होंने अस्पताल से पत्र लिखा कि सरकार ने युवाओं की आवाज को दरकिनार करते हुए नई आर्मी भर्ती योजना की घोषणा की है,जो कि पूरी तरह से दिशाहीन है। कांग्रेस युवाओं के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। पार्टी इस योजना को वापस करवाने के लिए संघर्ष करने व युवाओं के हितों की रक्षा करने का वादा करती है। वैसे अभी इस बात का खुलासा होना है कि ट्रेनों में आग लगाने वाले अराजक व असामाजिक तत्व कौन है। और कांग्रेस ने किसके साथ खड़े होने का वादा किया है। दूसरी तरफ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऐलान किया कि अग्निपथ योजना किसी भी रूप में वापस नहीं होगी। तीनों सेनाओं की ओर से साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस करके अग्निवीरों की भर्ती योजना के बारे में आन्दोलनकारियों को विस्तार से समझाने की कोशिश की गई। भारतीय सेना को इस समय युवाओं की जरूरत है। यह सुधार लंबे समय से लंबित था। आज बड़ी संख्या में जवान अपने जीवन के तीसरे दशक में हैं, इसलिए सेना में औसत आयु छब्बीस साल करने के लिए यह योजना लाई गई है। यह सुधार तीन दशक से लंबित था। वर्तमान सरकार ने यह सुधार लागू किया। लेकिन वर्तमान विपक्ष प्रत्येक मुद्दे पर हंगामे को तत्पर रहता है। यह ठीक है कि सेना अपने अनुशासन को कायम रखने के लिए कटिबद्ध है। उसकी तरफ से कहा गया कि अग्निपथ के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी एक प्रमाण पत्र देगा कि वे विरोध या बर्बरता का हिस्सा नहीं था। इस योजना के तहत सेना में मौजूदा सैनिकों के अनुभव के साथ युवावस्था को सहभागी बनाने का प्रयास किया जाएगा।

## अग्निपथ : युवाओं का भटकाव रोकने की बड़ी पहल

लेखक-सुरेन्द्र किशोरी /ईएमएस




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली दूरदर्शी सोच की भारत सरकार द्वारा शुरू अग्निपथ योजना के नाम पर देश के विभिन्न हिस्सों में प्रदर्शन हो रहा है। ट्रेनें जलाई जा रही है, बस और सरकारी संपत्ति को व्यापक पैमाने पर नुकसान पहुंचाया जा रहा है लेकिन लोग इस योजना की सच्चाई जानने का प्रयास नहीं कर रहे हैं, तमाम विपक्ष छात्रों-युवाओं को बरगला रहे हैं कि मोदी द्वारा लाया गया अग्निपथ योजना बर्बाद करने वाला है। जबकि जहां से सबके सोचने की शक्ति समाप्त होती है, वहां से वैश्विक नेता नरेन्द्र मोदी की सोच शुरू होती है। विकसित लोकतांत्रिक देशों में इसी तरह चार साल की सैन्य प्रशिक्षण एवं सेवा लागू है। ऐसा नहीं कि यह सेवा केवल भारत मे शुरू हो रही है, अपने देश की मजबूती और विकास के प्रति चिंतित हर देश मे ऐसी योजना लागू है। भारत में योजना स्वतंत्रता के तुरंत बाद से होनी चाहिए थी, एनसीसी एवं एनएसएस आदि इसी योजना के रूप में शुरू हुआ, लेकिन अपने उद्देश्य में सफल नहीं हो सका। अब यह बहुउद्देशीय योजना शुरू कर सरकार देशहित में युवा शक्ति का समुचित उपयोग करना चाह रही है। इसके पीछे का मूल उद्देश्य यह है कि हर युवाओं को देश के लिए सैन्य प्रशिक्षण देना, राष्ट्र के प्रति भक्ति पैदा करना है, ताकि विपत्ति में देश की सुरक्षा में केवल सेना ही नहीं, बल्कि देश के हर नागरिक काम आ सकें। जैसे यूक्रेन में अभी काम आ रहा है। इसका समर्थन या विरोध करने के पहले अग्निपथ योजना को समझना जरूरी है। हर वर्ष मैट्रिक पास युवक जो सेना में भर्ती होने या तुरंत नौकरी पाने को इच्छुक हैं उन्हें राष्ट्र सेवा के लिए सैन्य प्रशिक्षण देना ही नहीं, बल्कि सेना सहित अन्य बलों में रोजगार का अवसर देना है। उन्हें गलत राह की ओर भटकाव से रोकना है, युवा शक्ति को सकारात्मक दिशा में उत्प्रेरित भी करना है। यह योजना 17 से 21 वर्ष के नवयुवकों के लिए है, यही वह उम्र है जब बच्चों में जोश होता है, लेकिन होश विकसित नहीं होता। कोई भी राजनीतिक दल या अन्य संगठन इनके अविकसित ब्रेन पर हावी होकर जोश का दुरूपयोग कर लेते हैं। रेल रोको, सड़क जाम करो, सरकारी संपत्ति नुकसान करो, ट्रेन-बस जलाओ और पत्थर चलाओ, बाद में मुकदमा, जेल, बेल, सजा में झूलते रहो। हर सरकारी नौकरी में पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य है, सभी आहर्ता पूरा करने के बाद यदि पुलिस वेरिफिकेशन में उक्त युवक का नाम थाने में किसी ऐसे नकारात्मक आंदोलन में दर्ज हो तो उस होनहार युवक का कैरियर समाप्त, भविष्य अंधकारमय। तब वह गैर समाजिक कार्यों के प्रति आकर्षित ही नहीं उसमें लिप्त हो जाता है, देश समाज का सर दर्द बन जाता है। किसी देश की सबसे बड़ी संपत्ति युवा शक्ति होती है, युवा एक ऐसा हाइड्रोजन बम है जिसके सदुपयोग से विकास की महाक्रांति और दुरुपयोग से महाविनाश पल में लाया जा सकता है। अग्निपथ योजना का मूल उद्देश्य युवाओं को सकारात्मक दिशा में लाना, देश हित में सदुपयोग करना है।

दूसरा उद्देश्य विपत्ति में सैनिक के रूप में काम लेना और युवा शक्ति में राष्ट्र प्रेम का जज्बा समा देना है। सेना में हर वर्ष जितनी रिक्तियां होती है या जितने जवान की आवश्यकता होती है, उससे चार गुना युवाओं का चयन करना। उन्हें कठिन सैन्य प्रशिक्षण देना, चार साल तक सेना का अंग बनाए रखना, 25 प्रतिशत को सेना में समाहित कर लेना (जितने की अभी बहाली होती है), आठ लाख प्रति वर्ष वेतन देना, उसके बाद करीब 12 लाख एकमुश्त देकर देश के अन्य सेवा में प्राथमिकता देकर स्वतंत्र कर देना है। अन्य बल जैसे राजकीय पुलिस बल, बीएमपी, आईटीबीपी, बीएसएफ, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड, निजी सुरक्षा गार्ड में इनकी नियुक्ति प्राथमिकता के आधार पर होगी, उक्त सेवा में उन्हें पिछली सेवा की वरीयता मिलेगी। इन सेवाओं में इनके बाद ही अन्य लोगों को बहाली होगा, अन्य सेवा में भी प्राथमिकता मिलेगी। युवाओं के मन में भरा जा रहा है कि ऐसे तो सेना में 16 साल की नौकरी होती है, आजीवन पेंशन मिलता है, इसमें चार साल बाद ही बेरोजगार हो जाएंगे। जबकि सच्चाई यह है कि अभी तक उतने ही जवान की बहाली होती थी, जितनी सेना में जरूरत थी, बाकी को छोड़ दिया जाता था। अब जितने की जरूरत है, उससे चार गुना अधिक को चुना जाएगा, जो समर्थ साबित होंगे उन 25 प्रतिशत को सेना में समायोजित कर लिया जाएगा। बाकी 75 प्रतिशत भी देश की सेवा करेंगे। जो उम्र नुक्कड़ों पर चाय-सिगरेट में निकल जाती है, उन चार सालों में 23 लाख 43 हजार 160 रुपये कमाने का सुनहरा अवसर है। सरकारी खर्च से चार साल सबसे बेहतरीन प्रशिक्षण मिलेगा साथ में इतने पैसे भी, जॉब वैसे भी नहीं है, 12वीं या स्नातक करने के बाद सीधे अग्निपथ के रास्ते पर ही बच्चों के साथ-साथ हमारे भारत का भविष्य भी सुरक्षित है। 24-25 वर्ष की उम्र में रिटायरमेंट के बाद इन पैसों से कोई व्यापार शुरू करें या नौकरी करनी हो तो इंडियन आर्मी की ट्रेनिंग के कारण नौकरी आसानी से मिल तो जाएगी, आईटी सहित विभिन्न सेक्टर की कई कंपनियों ने नौकरी की घोषणा की है, वहां सेना का अनुशासन और प्रशिक्षण बहुत काम आएगा। जीवन जैसा अभी चल रहा है, उससे लाख गुना अच्छा तय है तो अग्निपथ योजना का विरोध पूरी नासमझी है। अग्निपथ का दूसरा पहलू देखें तो यह प्रखर राष्ट्रवादी योजना है। इसके माध्यम से इस्लामिक देशों द्वारा चलाए जा रहे गजवा-ए-हिन्द की राह में मोदी सरकार ने फिर से एक बड़ा रोड़ा अटका दिया है। इजराइल की तरह सभी भारतीय को प्रकारान्तर से सैनिक बना देंगे और जरुरी हुआ तो गजवा-ए-हिन्द के समय सशस्त्र सेनाओं का अभिन्न अंग भी बना दिया जाएगा। विपक्षी दलों और देश के गद्दारों को यह बात समझ में आ गई है, इसलिए उन्होंने नौजवानों को भड़काने के लिए अपने आईटी सेल को काम पर लगा दिया।

देश भक्तों को यह समझना होगा कुछ नासमझ समूह विरोध के नाम पर युवाओं के सशस्त्रिकरण की पहली सीढ़ी तैयार कर रहे हैं। इसलिए भीड़ का हिस्सा मत बनिए, बल्कि यह समझिए कि आर्मी तक नहीं पहुंचने का जो आरक्षण था अब वह बल्क में खत्म हो चुका है, युवा शक्ति को गुमराह करके राष्ट्र विरोधी कार्य के लिए उकसाना, उनसे सड़क-रेल बाधित कर आम जनजीवन को नुकसान पहुंचाना, पत्थर फेंकना, राष्ट्रीय संपत्ति नुकसान करना, उन युवाओं का भविष्य अंधकारमय बना देना और बड़ा देशद्रोह है। इन युवाओं को समझाना, उचित सकारात्मक राह पर लाना, देश और देश के नागरिक के प्रति जिम्मेवार बनाना बहुत बड़ा देश भक्ति है। इसलिए नादान मत बनिए और गद्दारों के बहकावे में नहीं आइए, अग्निपथ से देश की सेवा करने के साथ पैसा भी कमाना है। देश में 50 प्रतिशत लोग भी ऐसे नहीं हैं जो पूरी उम्र में इतना पैसा नहीं कमा सकते हैं जो चार साल में अग्निपथ देगा।

## आज का कार्टून।




## चीन का आतंकी प्रेम



लेखक-सिद्धार्थ शंकर /ईएमएस

चीन ने पाकिस्तान स्थित आतंकवादी अब्दुल रहमान मक्की को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में ग्लोबल आतंकी नामित करने के प्रस्ताव को रोक दिया है। मक्की को आतंकी घोषित करने के लिए 1267 इस्लामिक स्टेट और अल कायदा प्रतिबंध समिति के तहत प्रस्ताव रखा गया था। चीन ने इस प्रस्ताव को अंतिम क्षण में बाधित कर दिया। मक्की, लश्कर-ए-तैयबा के सरगना और 26/11 मुंबई हमलों के मुख्य साजिशकर्ता हाफिज सईद का रिश्तेदार है। मक्की का तालिबान नेता मुल्ला उमर और अल कायदा के अयमान अल-जवाहिरी से बेहद करीबी संबंध है। चीन ने इससे पहले भी भारत और अन्य देशों द्वारा पाकिस्तानी आतंकवादियों को सूचीबद्ध करने की कोशिशों पर अड़ंगा लगाया है। भारत ने मई 2019 में संयुक्त राष्ट्र में एक बड़ी राजनयिक जीत हासिल की थी जब पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख मसूद अजहर को वैश्विक आतंकवादी घोषित किया गया था। चीन ने मसूद अजहर को भी वैश्विक आतंकवादी घोषित करने की प्रक्रिया में बाधा पहुंचाई थी। भारत समेत पूरी दुनिया को समझना होगा कि चीन आतंकी देश को पालने वाले पाकिस्तान के साथ आतंकियों को भी बचा रहा है। आतंकियों के खात्मा के लिए चीन के इस कारनामे के खिलाफ पूरे विश्व को एकजुट होना होगा। हालांकि, आतंकियों को बचाने के पीछे चीन की कोई रणनीति नहीं है। वह आतंकियों से डरता है। उसे डर है कि कहीं आतंकी सीपीईसी प्रोजेक्ट पर हमला न कर दें। इसीलिए वह पाकिस्तान और पाकिस्तान में छिपे आतंकियों के बचाव में खड़ा हो जाता है। चीन का सीपीईसी प्रोजेक्ट गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र से



ही नहीं जाता है बल्कि यह प्रोजेक्ट पाक अधिकृत कश्मीर और पाकिस्तान के मानसेहरा जिले के उस इलाके से भी गुजरता है जो खैबर पख्तूनख्वा में पड़ता है। चीन को इस बात का डर सताता है कि अगर उसने मसूद अजहर या मक्की पर वैश्विक आतंकी घोषित होने पर रोक नहीं लगाई तो कहीं जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी उसके सीपीईसी प्रोजेक्ट में काम कर रहे चीनी नागरिकों पर हमला न कर दें। वैसे भी चीन की फितरत रही है कि अपना काम जहां बनता है वह सिर्फ और सिर्फ वहीं काम करता है और यही वजह है कि पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में चीन के प्रोजेक्ट जो पाकिस्तान में सीपीईसी के जरिए जाते हैं उसको बचाने के लिए वह किसी हद तक यानी आतंकी को भी मदद करने में जुटा हुआ है। चीन सीपीईसी प्रोजेक्ट के तहत पाक अधिकृत कश्मीर में कई जगहों पर पावर प्रोजेक्ट भी बना रहा है। कई ऐसे पावर प्रोजेक्ट उस इलाके से गुजर रहे हैं जहां पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने आतंक का गढ़ बना रखा है। चीन इस बात से डरता है कि कहीं पाकिस्तान को अगर उसने खुश नहीं किया तो उस-ाकी पनाह में पल रहे आतंकी मसूद अजहर और लश्कर-ए-तैयबा उसके प्रोजेक्ट पर हमला न कर दें जिससे उसे बड़ा नुकसान हो सकता है। चीन को इस बात का भी डर लगता है कि उसके उंगीहार प्रांत में जिस तरीके से लश्कर-ए-तैयबा से समर्थित आतंकी वहां पर हमला करते हैं, उस बात से भी वह डरता है। चीन यह चाहता है कि पाकिस्तान के जरिए वह इस्लामिक वर्ल्ड में अपनी पहुंच बना ले और आतंकवादियों को जिस तरीके से रेडिकलाइज करके चीन के उंगीहार प्रांत में लश्कर और दूसरे आतंकी संगठन भेज रहे हैं उसको भी वह रोक सके। यही वजह है कि वह पाकिस्तान और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई और पाक सेना को किसी तरीके से नाखुश नहीं करना चाहता है।

## कर्म से बना है वर्ण




मेरे द्वारा चार वर्णों की रचना गुण और कर्मों के हिसाब से की जाती है, फिर भी तू मुझे कभी न खत्म होना वाला और कर्मों के बंधन से मुक्ति ही जान ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र ये चार वर्ण हैं, अब ऐसा मान लेते हैं कि जो जिस घर में जन्म लेता है, वह उसी वर्ण का कहलाता है। जबकि वर्ण व्यवस्था गुण और कर्म के आधार पर शुरू हुई थी। पहले जब बच्चे को पढ़ाई के लिए गुरुकुल भेजा जाता था, तब तक वह किसी वर्ण का नहीं कहलाता था। वहां गुरु अपने शिष्यों की रुचि को जानकर उसके हिसाब से उन्हें पढ़ाते थे। वेदों को पढ़ने में रुचि लेने वालों को ब्राह्मण, युद्ध कला में महारथी को क्षत्रिय, व्यापार में रुचि वाले को वैश्य और सेवा भाव वाले को शूद्र की उपाधि दी जाती थी। इसके बाद वे समाज में उसी के हिसाब से काम करते थे। यही भगवान कह रहे हैं कि मैंने गुणों और कर्मों के आधार पर चार वर्णों की रचना की हैं, जिससे सभी मनुष्य कर्मों में लगे रहें। ये सब करते हुए भी तुम मुझे कभी न खत्म होने वाला और कुछ न करने वाला जानो। सब कुछ करते हुए भी भगवान कह रहे हैं कि मैं कुछ भी नहीं करता।

## प्रसंगतः ईश्वर की खोज

एक सेठ के पास अपार धन-संपत्ति थी, पर उसका मन हमेशा अशांत रहता था। एक बार उसके शहर में एक सिद्ध महात्मा आए। उन्होंने अपने प्रवचन में कहा कि परमात्मा को पाने पर ही सच्ची खुशी एवं पूर्ण शांति मिल सकती है। इसलिए ईश्वर की खोज करो और अपने जीवन को सार्थक करो। यह सुनकर सेठ ईश्वर की खोज में लग गया। वह इधर-उधर भटकने लगा। ऐसा करते हुए दो वर्ष बीत गए किंतु ईश्वर की प्राप्ति नहीं हुई। वह निराश होकर घर की ओर लौट पड़ा। रास्ते में उसे एक चिर-परिचित आवाज सुनाई पड़ी।उसे कोई बुला रहा था।उसने पीछे मुड़कर देखा तो पाया कि उसके पीछे वही सिद्ध महात्मा खड़े थे, जिन्होंने ईश्वर को ढूंढने की बात कही थी।सेठ उनके पैरों में गिरकर बोला, 'बाबा, मैं अनेक स्थानों पर भटका किंतु मुझे अभी तक ईश्वर नहीं मिले। आखिर मेरी खोज कहां पूरी होगी? आप ने ही कहा था कि सच्ची खुशी ईश्वर के साथ मिल सकती है।' उसकी बात पर महात्मा मुस्कराए और उन्होंने उसे उठाते हुए कहा, 'पुत्र, मैंने सही कहा था। यदि तुमने ठीक ढंग से ईश्वर की खोज की होती तो अब तक तुम उन्हें पा चुके होते।' यह सुनकर सेठ हैरान रह गया और बोला, 'कैसे बाबा?' महात्मा बोले, 'पुत्र, ईश्वर किसी दूर-दराज के क्षेत्र में नहीं तुम्हारे अपने भीतर ही है। तुम अच्छे कर्म करोगे और नेक राह पर चलोगे तो वह स्वयं तुम्हें मिल जाएगा। तुम्हें उसे कहीं खोजने नहीं जाना पड़ेगा। हां, उसे पाने के लिए ईश्वर का नेक बंदा अवश्य बनना होगा।' यह सुनकर सेठ महात्मा के प्रति नतमस्तक हो गया और वापस अपने घर चला आया। घर आने के बाद उसने पाठशालाएं खुलवाईं, लोगों को पीने का पानी उपलब्ध कराया, गरीब कन्याओं के विवाह कराए और अपने पास आने वाले हर जरूरतमंद की समस्या का समाधान किया। कुछ ही समय बाद उसके भीतर की अशांति जाती रही और उसने अपने भीतर नई स्फूर्ति महसूस की।

## अग्निपथ योजना के विरोध में उभरी आग में जल रहा देश!



लेखक-डॉ. भरत मिश्र प्राची ( ईएमएस)



केन्द्र सरकार द्वारा सेना में पुरानी प्रक्रिया के बदले लागू किये गये नई भर्ती प्रक्रिया अग्निपथ योजना के विरोध में देश भर के युवाओं में विरोध प्रदर्शन जारी है । केन्द्र सरकार ने इस नई योजना के तहत सेना में अग्नि वीर नाम से केवल चार वर्शो के लिये भर्ती किये जाने की योजना है जहां किसी भी तरह की पेंशन नहीं लागू है। सेना में अब तक भर्ती की प्रक्रिया में कम से कम 15 वर्श की अवधि होती रही है जहां पेंशन मिलने का प्रावधान है, आगे बढ़ने पर 60 वर्श तक सेवा करने का अवसर भी मिला हुआ है। सेना की इसी तरह की भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से नई अग्निपथ योजना के तहत मात्र चार वर्श के लिये भर्ती किये जाने क विरोध में आज देश का युवा वर्ग अपने अनिश्चित भविश्य को लेकर सड़क पर उतर आया है। आज इस योजना के विरोध में बिहार बंद है तो आने वाले समय में अन्य राज्यों बंदी का महौल बन सकता है।

इस योजना को तत्काल वापिस लेने एवं पुरानी प्रक्रिया से सेना में भर्ती किये जाने की योजना को फिर से लागू किये जाने की मांग को लेकर युवा वर्ग में विरोध जारी है। इस विरोध में अग्निपथ योजना की भभकती आग कहीं पूरे देश को न जला दे। केन्द्र सरकार को तत्काल इस नई योजना के वर्तमान प्रारूप को पूर्व की भॉति रखकर भभकती आग को रोकने का प्रयास करना चाहिए। केन्द्र सरकार द्वारा अभी हाल ही में लागू की जा रही नई कृशि नीति के विरोध में किसानों ने जोरदार विरोध किया। इस नीति को भी केन्द्र सरकार किसानों के हित में बता रही थी। इस नीति को संसद में परित भी कर लिया गया पर देश के किसान इस नीति से खुश नहीं थे। कई दिनों तक आंदोलन चला और इस आंदोलन में कई किसान शहीद भी हो गये। देश को इस आंदोलन से भारी नुकसान हुआ पर सरकार टस से मस नहीं हुई। इस नीति का प्रतिकूल प्रभाव कहीं होने वाले चुनाव पर न पड़े इस भय से सरकार जिस कानून को किसानों के हित मे बता रही थी, उसे वापिस ले लिया तब तक देश को बहुत नुकसान हो चुका था जिसकी भरपाई कर पाना संभव नहीं। इसी तरह सरकार के सेना भर्ती में अग्निपथ योजना को लेकर देश के युवा वर्ग में भारी आक्रोश है। अग्निपथ योजना का कार्यकाल सिर्फ चार साल है जिसमें 1साल का समय तो प्रशिक्श्ण में निकल जायेगा शेष 3 साल के बाद इस योजना में आये युवा का भविश्य क्या होगा, इसका कुछ पता नहीं।

यह योजना सरकारी ठेका का एक स्वरूप है । सेना में इस तरह की प्रक्रिया न तो देश हित में है न युवाओं के हित में जिनका भविश्य यहां आने पर अंधकारमय होने की पूरी संभावना है। इस तरह की योजना को लेकर युवा वर्ग में आक्रोश होना स्वाभाविक है। आज इस योजना के विरोध में बिहार बंद है जहां आगजनी, तोडफोड की घटनाएं विकराल रूप ले चुकी है तो आने कल को देश के अन्य भागों को यह आग और न जला दे, इस ओर सरकार को मंथन करना चाहिए।

सेना भर्ती के ठेकेदारी स्वरूप को देश की जनता कभी स्वीकार नहीं करेगी। इस योजना में अमूल्य परिवर्तन कर देश के युवाओं को अंधकारमय भविश्य होने बचाने में सरकार समय से कदम उठाये। कहीं ऐसा न हो नई कृशि नीति के विरोध में पनपे आंदोलन से ज्यादा नुकसान अग्निपथ योजना के विरोध में उभरी आग से न हो जाय।


# हरियाणा में खोली जाएगी योग की यूनिवर्सिटी: मनोहर लाल



**भिवानी, (हि.स.)।** स्थानीय भीम स्टेडियम में मंगलवार को आठवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मानवता के लिए योग थीम पर मनाया गया, जिसमें हजारों की संख्या में स्कूली छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में पहुंच स्कूली बच्चों के बीच बैठकर योग, प्राणायाम, आसन कर स्वस्थ रहने का संदेश दिया। स्थानीय भीम स्टेडियम में सुबह छहः बजे मुख्यमंत्री ने पहुंचकर प्रदेश भर में बने 337 आयुष एवं वेलनेश सेंटर्स का उद्घाटन कर उन्हें जनता को समर्पित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये वेलेनेश सेंटर जनता के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का कार्य करेंगे। मुख्यमंत्री ने मंच के माध्यम से कहा कि 10वीं के पाठयक्रम में योग को शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्कूलों में ना केवल किताबों में योग को शामिल किया जाएगा, बल्कि व्यवहारिक रूप से भी योग करवाया जाएगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने यह भी कहा कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में योग शिक्षक लगाएं जाएंगे। जो आम जनता का सार्वजनिक स्थानों पर योग करवा सकें। हरियाणा प्रदेश में एक योग यूनिवर्सिटी भी खोली जाएगी, जहां से युवा योग की डिग्री लेकर देश भर में योग करवाने में सक्षम होंगे। मुख्यमंत्री ने इसे योग का ऐम्स का नाम देते हुए बताया कि योग ऐम्स देश का पहला ऐसा ऐम्स होगा, जिसमें योग के माध्यम से बीमारियों को ठीक किए जाएगा तथा साथ ही आयुर्वेदिक दवाईयां भी इस योग ऐम्स के माध्यम से दी जाएगी, इससे हरियाणा प्रदेश का स्वास्थ्य का बजट में कमी आएगी। इस योग ऐम्स का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा करवाया जाएगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने योगासन व प्रणायम की विभिन्न क्रियाओं को आम जनता व छात्र-छात्राओं के बीच किया। इस दौरान वे ऑनलाईन माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी जुड़े, जहां प्रधानमंत्री ने आम जन को योग का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज दुनिया भर के 200 देशों में योग को मान्यता मिल गई है तथा लोग स्वस्थ रहने के लिए योग करने लगे हैं। योग ना केवल शारीरिक विकास करता है, बल्कि योग से मानसिक विकास भी बेहतर होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के दिवस को योग दिवस कहा जाए, बल्कि इसे वे निरोग दिवस कहना पसंद करेंगे, क्योंकि रोगों से मुक्त करने में योग अहम भूमिका निभाता है, ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को योग करना चाहिए।

# सेना की गरिमा व बेरोजगारों के हित में 'अग्निपथ' योजना तुरंत वापिस ले सरकार: संपत सिंह

## -बिना सोचे-समझे योजना का लाभ बताने वाले कर रहे सैनिकों का अपमान



**हिसार, (हि.स.)।** पूर्व मंत्री संपत सिंह ने केन्द्र सरकार से मांग की है कि सेना की गरिमा व बेरोजगार युवाओं के हित में अग्निपथ योजना को तुरंत वापिस लिया जाए। उन्होंने कहा कि एक सैनिक बनने के लिए युवा कड़ी मेहनत करता है लेकिन अब अग्निवीर बनकर केवल चार साल तक सीमित हो जाएगा। योजना वापिस लेने की मांग करते हुए संपत सिंह ने मंगलवार को कहा कि केन्द्र सरकार के मंत्री, धर्मगुरू, उद्योगपति और भाजपा के नेता मीडिया में इसके फायदे बता रहे है और अग्निवीरों को भाजपा कार्यालय में चौकीदार रखने की बात करते है जो कि सैनिको का अपमान है। सरकार ने बिना सोचे समझे अग्निपथ योजना बेरोजगार युवाओं पर थोंप दी। एक तरफ देश में जबरदस्त बेरोजगारी बढ़ रही है और दूसरी तरफ सरकार ने पहले से सेना में 42 हजार 770 नियुक्ति का इंतजार कर रहे युवाओं की भर्ती रदद् कर दी। इन सभी चयनित युवाओं को तुरंत नियुक्त किया जाए। दो करोड़ वार्षिक नियमित रोजगार देने वाली सरकार ने केवल चार वर्ष के लिए 40 हजार रोजगार देने की योजना बनाकर युवाओं के साथ भयंकर खिलवाड़ किया है। उन्होंने कहा कि युवाओं के देशव्यापी विरोध को देखकर लगता है कि कृषि कानूनों की तरह ही सरकार को माफी मांगकर इस योजना को वापिस लेना पड़ेगा। संपत सिंह ने कहा कि देश के हर कोने में अग्निपथ योजना के विरोध में प्रदर्शन हो रहे है। कई जगह तो रेल, बसें व अन्य सरकारी व गैर-सरकारी सम्पति भी अग्नि के भेंट चढ़ गई है। पिछले दिनों लंबे समय से सेना की भर्ती की तैयारी में लगे कुछ जवान इस योजना से दुखी होकर आत्मदाह भी कर गए। हजारों नौजवानों पर अपराधिक मुकदमे दर्ज करके व उन्हें गिरफ्तार करके उनके विरोध को दबाकर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

# विश्व गुरु बनाने के लिए राष्ट्रहित में है अग्निपथ योजना: सांसद कौशिक



**सोनीपत, (हि.स.)।** सांसद रमेश कौशिक ने कहा है कि हरियाणा सरकार ने भारतीय सेना से आने अग्निवीरों को आने के बाद गारंटी के साथ प्राथमिक आधार पर नौकरी देने से प्रदेश के युवाओं का भविष्य सुरक्षित होगा। वे मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अग्निपथ योजना पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इससे अग्निवीरों के व्यक्तित्व का विकास होगा, अनुशासन सीखेंगे, जिससे उनके द्वारा किये जाने वाले कार्य बेहतर होंगे। अनुशासन, समर्पण, कार्यक्षमता के साथ देशक्ति का जज्बा आने से देशहित में कार्य होंगे। पहले जहां कम सैनिक होते थे अब इससे हमारे देश को ज्यादा संख्या में प्रशिक्षित सैनिक मिलेंगे। यह अग्निपथ योजना भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए राष्ट्रहित में है। अग्निपथ योजना की आड़ देश में आंतरिक कलह पैदा करना, राष्ट्रीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाना अनुचित है। युवाओं को सजग, जागरुक और चेतन होने की जरुरत है। पूर्व सैनिक इस जिम्मेदारी को निभाएं और लोगों को सेना से होने वाले लाभ के बारे में बताएं कि अनुशासित व्यक्ति अपना, घर, परिवार, समाज और राष्ट्र का हित करने में सक्षम होता है। आर्मी में अधिकारी तो पहले भी शॉर्ट सर्विस कमीशन के लिए जाते रहे हैं। आने के बाद जब उनका स्कील बेहतर हुआ तो उनको सम्मानजनक स्थान मिले हैं।

आईएएस, आईपीएस, एचसीएस सरकारी, गैर सरकारी नौकरियों में जिम्मेदारी निभा रहे हैं। यह प्रत्यक्ष है इसको प्रमाण की जरुरत नहीं है। बहकावे में आकर गुमराह होने वाले युवाओं को वास्तविकता को जानने की जरुरत है। मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जिला पुलिस लाईन ग्राउंड में जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम किये गए। इसकी शुरूआत सुबह 06 बजे से हुई, सोनीपत के सिविल लाइन मैदान में बतौर मुख्यातिथि सांसद रमेश कौशिक पहुंचे। जबकि कार्यक्रम में राई से विधायक मोहन लाल बड़ौली भी बतौर विशिष्ठ अथिति रहे। उपायुक्त ललित सिवाच के साथ गन्नौर में एसडीएम सुरेंद्र दून अधिकारी शामिल रहे। इसके अलावा गोहाना, गन्नौर, राई, खरखौदा में जिला व ब्लॉक स्तर पर होने वाले योग दिवस कार्यक्रमों लोगों ने भारी संख्या में उत्साह के साथ शिरकत की।


# योग प्राचीनकाल से हमारे जीवन शैली का अंग है: कंवरपाल



**यमुनानगर, (हि.स.)।** अनाजमण्डी जगाधरी के परिसर में 8वें अंतर्राष्टीय योग दिवस कार्यक्रम में हजारों स्कूली बच्चों, महिलाओं, नागरिकों सहित प्रशासन के अधिकारियों व कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया। इस मौके पर पंतजलि योगपीठ के प्रशिक्षकों ने योगाभ्यास, ध्यान क्रियाओं व अन्य व्यायाम का अभ्यास करवाया। इस कार्यक्रम में हरियाणा के शिक्षामंत्री कंवरपाल मुख्यातिथि तथा यमुनानगर के विधायक घनश्याम दास अरोड़ा विशिष्ठ अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। मुख्यातिथि शिक्षामंत्री कंवरपाल गुर्जर व विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने दीप प्रज्ज्वलित कर योग दिवस का विधिवत शुभारम्भ किया। इस योग दिवस लगभग 5 हजार प्रतिभागियों ने सामूहिक रुप से योगाभ्यास किया। यहां पर योगाभ्यास से पहले सुबह करीब 6.40 बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का योग दिवस पर देशवासियों के नाम संदेश भी स्क्रीन पर दिखाया गया। कार्यक्रम स्थल पर बडी एलइडी टीवी स्क्रीन लगाई गई है और उन पर प्रधानमंत्री का लाईव कार्यक्रम दिखाने की व्यवस्था की गई। इस मौके पर शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि योग का हमारे जीवन की महत्वपूर्ण संजीवनी है। प्रतिदिन योग करने से व्यक्ति स्वस्थ रहता है। जिससे उसकी सारी दिनचर्या अच्छी तरह से निकलती है। उन्होंने कहा कि योग हमारी प्राचीन संस्कति का हिस्सा रहा है और आज सारी दुनिया ने योग के महत्व को समझा है। उन्होने सभी से अपील की कि हर वर्ग और आयु के लोगों को योग को अपने जीवन का अंग मानें। इस मौके पर विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने भी योग के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके सभी ने योग किया।

# अग्निवीरों को गारंटी से नौकरी देने की घोषणा सराहनीय: कैप्टन भूपेन्द्र

**-युवाओं के हित में योजना अच्छी, राजनीतिक स्वार्थ के लिए युवाओं को बरगला रहे विपक्षी**



**हिसार, (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कैप्टन भूपेन्द्र ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल की उस घोषणा का स्वागत किया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि हरियाणा सरकार अग्निवीरों को बेरोजगार नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग के हित में मुख्यमंत्री की यह घोषणा ऐतिहासिक है। मुख्यमंत्री की घोषणा का स्वागत करते हुए कैप्टन भूपेन्द्र ने मंगलवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने युवाओं के हित में यह अहम घोषणा की है। युवा वर्ग को विपक्षी लोगों द्वारा बरगलाने का प्रयास किया जा रहा था कि वे चार साल की नौकरी के बाद बेरोजगार हो जाएंगे, उन्हें घर भेज दिया जाएगा या फिर इसके बाद युवा क्या करेंगे लेकिन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने एक घोषणा में सभी सवालों के जवाब दे दिए। मुख्यमंत्री ने कहा है कि अग्निवीरों को चार वर्ष पश्चात वापस आने पर हरियाणा में गारंटी के साथ नौकरी दी जाएगी।

# हिसार के 11 विद्यार्थियों का नीमराना आधारित ओजी इंडिया पैकेजिंग कंपनी में चयन



**हिसार, (हि.स.)।** हिसार स्थित गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सैल के सौजन्य से नीमराना आधारित ओजी इंडिया पैकेजिंग प्राइवेट लिमिटेड के ऑन-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के 11 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज कम्बोज व कुलसचिव प्रो. अवनीश वर्मा ने इस उपलब्धि के लिए चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी है। प्लेसमेंट निदेशक प्रताप सिंह ने मंगलवार को बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव की शुरूआत कंपनी के मेनेजर एचआर एवं एडमिन जितेन्द्र कुमार, मेनेजर सेल्स एंड मार्केटिंग प्रखर वर्मा, मेनेजर प्रोडक्शन दिलावर सिंह एवं गुजविप्रौवि के पूर्व विद्यार्थी एवं मेनेजर सेल्स एंड मार्केटिंग सुमित कुमार द्वारा दी गई प्री-प्लेसमैंट के साथ हुई। इसके उपरांत कंपनी के अधिकारियों ने विद्यार्थियों की लिखित परीक्षा, तकनीकी साक्षात्कार व एच साक्षात्कार के आधार पर विश्वविद्यालय के 11 विद्यार्थियों का चयन किया है। उन्होंने प्रिंटिंग विभाग के अध्यक्ष पंकज कुमार, शिक्षक प्लेसमेंट कोर्डिनेटर बिजेंद्र कौशिक व विद्यार्थी कोर्डिनेटर उपारी भार्गव का इस अभियान को सफल बनाने के लिए किए गए उनके प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया है। सहायक निदेशक डॉ. आदित्यवीर सिंह ने बताया कि ओजी इंडिया पैकेजिंग प्राइवेट लिमिटेड ओजी होल्डिंग्स कॉर्पोरेशन, जापान की एक सहायक कंपनी है तथा बॉक्सबोर्ड, पैकेजिंग सामग्री व कंटेनर बोर्ड, फोल्डिंग कार्टन, पेपर बैग और नालीदार कंटेनर घरेलू उत्पादों के निर्माण व बिक्री व घरेलू और उपभोक्ता उत्पाद से संबंधित कंपनी है। उन्होंने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव में प्रिंटिंग विभाग के बीटेक के 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया। बीटेक के चिरायु शर्मा, दीपांशु, जिज्ञासु चुघ, राहुल एसएस, एस. प्रीथम कुमार, अनिकेत बिशोन, रवि कुमार, ए. हर्षिता रेड्डी, एस. कार्तिक, एस. प्रवल्लिका तथा वाई. श्रीकांत का चयन 2.8 लाख रुपए वार्षिक पैकेज के साथ हुआ है।

# अग्निपथ के माध्यम से देश को लेबर कालोनी बनाना चाहती है सरकार: राकेश टिकैत



**यमुनानगर, (हि.स.)।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत का कहना है कि सरकार अग्निपथ योजना के माध्यम से इस देश को लेबर कॉलोनी के रूप में बदलना चाहती है। टिकैत मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर के निवास स्थान पर पहुंचे तो पत्रकारों से बात कर रहे थे। इनका मानना है कि अग्निपथ योजना के माध्यम से सरकार युवाओं को 4 साल तक सेना में भर्ती करके उसके बाद उन्हें बेरोजगार कर देगी और वह लेबर की श्रेणी में आ जाएंगे। वहीं दूसरी ओर सरकार विदेशी कंपनियों को देश में ला रहे हैं ताकि इन कंपनियों को श्रमिकों के रूप में सेना से निवृत हुए युवा सस्ते में मिल जाएंगे। सरकार के अनुसार जब सेना में भर्ती किए 75 प्रतिशत युवा 4 साल के बाद सेवानिवृत्त हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार यह भी स्पष्ट नहीं कर रही है कि इस भर्ती को लेकर किस प्रकार युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। टिकैत ने यह भी आरोप है कि सेनाओं का राजनीतिकरण किया जा रहा है। राकेश टिकैत ने कहा कि सरकार जो यह घोषणाएं कर रही है कि 4 साल की सेवानिवृत्ति के बाद युवाओं को रोजगार देंगे तो वह केवल 10 से 12 हजार रुपये तक का रोजगार दे सकेंगे। उन्होंने कहा कि इस योजना के विरोध में 24 जून को देशभर के जिला मुख्यालय पर संयुक्त किसान मोर्चा धरने प्रदर्शन करेगा। उन्होंने बताया कि वह इसी संबंध में हिमाचल तथा पंजाब का दौरा करेंगे और 24 जून को सभी जिला मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद ही फिर कोई आगे की रणनीति बनाई जाएगी। इस मौके पर उनके साथ भारतीय किसान यूनियन के जिला कार्यकारी अध्यक्ष संदीप सनखेड़ा, लीगल एडवाइजर साहब सिंह गुर्जर तथा अन्य नेता भी उपस्थित रहे।

# योग प्राचीन भारतीय विरासत का एक हिस्सा: मूलचंद शर्मा



**पलवल, (हि.स.)।** भारत समेत दुनियाभर में 8वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने मंगलवार को सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में योग दिवस मनाने पहुंचे थे। उन्होंने योग की शुरूआत ताड़ासन, त्रिकोणासन, भद्रासन जैसे आसनों से की। इस अवसर पर कहा कि योग अब वैश्विक पर्व बन गया है। यह पार्ट ऑफ लाइफ नहीं, वे ऑफ लाइफ बन गया है। इस अवसर पर पलवल विधायक दीपक मंगला, हथीन विधायक प्रवीण ड़ागर, जिला उपायुक्त कृष्ण कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। शर्मा ने कहा कि आज योग मानव मात्र को निरोगी जीवन का विश्वास दे रहा है। हम आज सुबह से देख रहे हैं कि योग की तस्वीरें जो कुछ वर्ष पहले आध्यात्मिक केंद्रों पर दिखती थीं, वो आज विश्व के कोने-कोने में दिख रही हैं। ये साझी मानवता की तस्वीरें हैं। यह एक वैश्विक पर्व बन गया है। यह किसी व्यक्ति मात्र के लिए नहीं संपूर्ण मानवता के लिए है। उन्होंने कहा- योग जीवन का एक हिस्सा है। योग से मनुष्य का शरीर निरोग रहता है। इसी को ध्यान में रखते हुए 21 जून 2014 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर में योग दिवस मनाने की घोषणा की और उसके अगले वर्ष वर्ष 2015 में विश्व के 177 देशों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। आज विश्व के तमाम देशों मे योग दिवस मनाया जा रहा है, जिसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार और धन्यवाद व्यक्त करते हुए सभी लोगों को योग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि योग से मन कंट्रोल में रहता है। और जिस व्यक्ति का मन कंट्रोल में रहता है उसे किसी तरह की शारीरिक और मानसिक परेशानी भी नहीं होती। उन्होंने कहा कि हमारा देश ऋषि और मुनियों का देश है।

# सुबह जल्दी उठकर योग करना जड़ी बूटी के बराबर : रणबीर सिंह गंगवा




**फरीदाबाद, (हि.स.)।** हरियाणा विधान सभा के उपाध्यक्ष रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि हमारा देश संत-महात्मा और महापुरुषों का देश रहा है। योग से पूरे भारतवर्ष में ऋषि मुनियों ने लोगों को हमेशा ही सिखाने का काम किया है। योग भारत की प्राचीनतम पद्धति है। यदि हम नियमित रूप से योग करें तो निश्चित तौर पर निरोग रहेंगे। रणबीर गंगवा हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मंगलवार को स्थानीय खेल परिसर सेक्टर-12 में आठवें अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने विधायिका सीमा त्रिखा, हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया, मण्डल आयुक्त संजय जून, पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा, डीसी जितेन्द्र यादव, एडीसी मोहम्मद इमरान रजा, सीईओ जिला परिषद सतेन्द्र दुहन, एसडीएम परमजीत चहल, सीटीएम नसीब कुमार, अतिरिक्त सीईओ जिला परिषद अंकिता, जिला आयुष अधिकारी डॉ. अजीत कुमार, डीआईपीआरओ राकेश गौतम, तहसीलदार नेहा सारण सहित पतंजलि प्रतिनिधियों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों सहित हजारों लोगों के साथ आठवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि योगाभ्यास का एक प्राचीन रूप जो भारतीय समाज में हजारों साल पहले विकसित हुआ था। आज 21 जून को आठवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को पूरा विश्व मना रहा है। इसका श्रेय देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी को पूरे विश्व में मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी यूएनओ की पहली बैठक में ही 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस मनाने के लिए प्रस्ताव पारित करा लिया था। उसके बाद वर्ष 2014 से लगातार इसका अभ्यास किया जा रहा है। इसमें किसी व्यक्ति को सेहतमंद रहने के लिए और विभिन्न प्रकार के रोगों और अक्षमताओं से छुटकारा पाने के लिए विभिन्न प्रकार के व्यायाम शामिल हैं। यह ध्यान लगाने के लिए एक मजबूत विधि के रूप में भी माना जाता है। जो मन और शरीर को आराम देने में मदद करता है। अब दुनियाभर में योग का अभ्यास किया जा रहा है। विश्व के लगभग 2 अरब लोग एक सर्वेक्षण के मुताबिक योग का अभ्यास करते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की देखरेख में हरियाणा के हर गांव, कस्बों और शहरों के पार्कों एवं सार्वजनिक स्थानों पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है।

# प्रयागराज के विकास प्राधिकरण के कार्यों को देखते हुए दिल्ली क्राइम प्रेस के द्वारा सम्मानित किया गया



**देवेन्द्र शुक्ला।** प्रयागराज को स्मार्ट सिटी पोजीशन नम्बर 3 पर लाने के लिए प्रयागराज विकास प्राधिकरण के सभी कर्मचारी एवं अधिकारी के लगन में कड़ी मेहनत को देखते हुए दिल्ली क्राइम प्रेस द्वारा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अरविंद कुमार चौहान एवं सचिव अजीत कुमार को सील्ड व सम्मान पत्र दे कर इनके कार्यों की सराहना किया गया एवं अन्य अधिकारी प्रयागराज विकास प्राधिकरण केअजय कुमार (जॉइंट सेकेट्री)तेज प्रताप सिंह(टाउन प्लानर), मनोज कुमार मिश्रा(चीफ इंजीनियर) भानु प्रताप सिंह (एग्जीक्यूटिव इंजीनियर),प्रमोद कुमार सिंह(फाइनेंस कंट्रोलर) विनय अग्रवाल, जिलेदार, आशुतोष कुमार, विवेक कुमार, कृष्ण प्रसाद शुक्ला, एस.एस. यादव को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दिल्ली क्राइम प्रेस की तरफ से रिपोर्टर देवेन्द्र शुक्ला और राजेश मिश्रा व अन्य लोगों ने दिल्ली क्राइम प्रेस के द्वारा किये गए सम्मान समारोह में भरपूर सहयोग करते हुए कार्यक्रम को सफल बयाया।

# हिसार के सुखबीर ने एथलेटिक्स में जीता स्वर्ण पदक




**हिसार, (हि.स.)।** गुजरात के शहर वडोदरा में हुई प्रथम नेशनल ओपन मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जिले के गांव न्योली कलां के डीपीई सुखबीर ढांडा ने डिस्कस थ्रो (चक्का फेंक) में 50-54 आयु वर्ग में 33.67 मीटर चक्का फेंक कर स्वर्ण पदक प्राप्त कर हरियाणा को ओवर ऑल ट्रॉफी जीतने में अहम भूमिका निभाई। सुखबीर की इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी कुलदीप सिहाग, धनपत राम एईओ, खेल अधिकारी महेंद्र सिंह भादू, अजय श्योराण, पूर्व डीएसओ राजवीर, सतपाल ढांडा, गंगादत्त, ओमप्रकाश भादू, प्रेमजीत, सुधीर, हरपाल सरसाना, कुलदीप सुरेंद्र, राजेश विनय मल्होत्रा ने उन्हें बधाई दी है।

# योग दिवस पर पुलिस वालों ने भी योग कर बहाया पसीना




**पंचकूला/चंडीगढ़, (हि.स.)।** हरियाणा पुलिस द्वारा 8वें अंतर्राष्टीय योग दिवस के अवसर पर पुलिस लाईन, पंचकूला के प्रांगण में योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक हरियाणा प्रशांत कुमार अग्रवाल ने अन्य पुलिस अधिकारियों व कर्मियों के साथ योगाभ्यास किया। कार्यक्रम का आयोजन हरियाणा योग आयोग व आयुष विभाग के तत्वावधान में किया गया, जिसमें प्रतिष्ठित योग प्रशिक्षकों की देखरेख में शीर्ष अधिकारियों सहित कर्मियों ने सहभागिता की। इस अवसर पर डीजीपी ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह महत्वपूर्ण दिवस पिछले आठ वर्षों से आज ही के दिन मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना जरूरी है।

DELHI CRIME 22 june 2022:Layout 1 6/21/2022 7:34 PM Page 4



# यूक्रेन के बच्चों की मदद के लिए रूसी पत्रकार के नोबल पदक की नीलामी होगी



**न्यूयार्क, (हि.स.)।** नोबेल शांति पुरस्कार विजेता रूस के वरिष्ठ पत्रकार दिमित्री मुरातोव ने यूक्रेन में बेघर हुए बच्चों की सहायता के लिए अपना पदक नीलाम करने का फैसला किया है। उनके पदक की नीलामी सोमवार रात (भारतीय समयानुसार मंगलवार तड़के) होनी है। यह नोबेल पदक 23 कैरेट सोने से निर्मित और 175 ग्राम वजन का है। इस पर महान वैज्ञानिक अल्फ्रेड नोबेल की मुखाकृति अंकित है। नीलामी से मिली धनराशि संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनिसेफ को मिलेगी। यह प्रतिष्ठित संस्था धनराशि को यूक्रेनी बच्चों के कल्याण के लिए खर्च करेगी। पत्रकार मुरातोव यूक्रेन में चल रहे रूस के सैन्य अभियान के खिलाफ हैं। रूस के हमलों की वजह से बेघर, विकलांग, अनाथ और पढ़ाई से दूर हुए यूक्रेनी बच्चों की सहायता के लिए उन्होंने 2021 में मिला नोबेल शांति पुरस्कार का स्वर्ण पदक नीलाम करने का फैसला किया। मुरातोव को फिलीपींस की महिला पत्रकार मारिया रेसा के साथ यह पुरस्कार दिया गया था। दोनों को अलग-अलग पदक दिए गए थे। मुरातोव का कहना है कि रूस में मीडिया की स्वतंत्रता में गिरावट आ रही है। यूक्रेन में चल रहे सैन्य अभियान के समर्थन में बहुत कम रूसी लोग हैं। मुरातोव रूस के लोकप्रिय रहे अखबार नोवाया गजेटा के सह संस्थापक और प्रधान संपादक रहे हैं। इस अखबार का प्रकाशन 1993 में पूर्व सोवियत राष्ट्रपति मिखाइल गोबार्चेव को नोबेल शांति पुरस्कार में मिली धनराशि से हुआ था। इस अखबार का रुख हमेशा सत्ताविरोधी रहा और इसने कभी भी क्रेमलिन के खिलाफ खबरें प्रकाशित करने में संकोच नहीं किया। वर्षों तक सरकार के लगाए प्रतिबंधों को सामना करते हुए इस अखबार के प्रिंट और आनलाइन संस्करण मार्च में अनिश्चितकाल के लिए बंद हो गए। मुरातोव ने यह निर्णय सरकार के उस फैसले को देखते हुए लिया जिसमें सरकार के रुख के खिलाफ यूक्रेन युद्ध की खबर प्रकाशित करने पर 15 साल के कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

# इजरायल में नफ्ताली बेनेट ने गंवाई सत्ता, साढ़े तीन साल में पांचवीं बार होंगे चुनाव




**तेल अवीव/यरुशलम, (हि.स.)।** इजरायल के प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार अल्पमत में आने के बाद गिर गई। इसके साथ ही देश में बड़ा राजनीतिक संकट पैदा हो गया है। यह संकट बेनेट और लैपिड के दलों के बीच गठबंधन टूटने के बाद पैदा हुआ है। अब इजरायल साढ़े तीन साल में पांचवीं बार आम चुनाव की ओर बढ़ रहा है। इजरायल में अक्टूबर के आखिर में चुनाव हो सकते हैं। नफ्ताली बेनेट के साथ एक डील के तहत विदेश मंत्री यायिर लैपिड आने वाले कुछ दिनों के लिए देश की सत्ता संभालेंगे। पूर्व प्रधानमंत्री और मौजूदा विपक्षी नेता बेंजामिन नेतन्याहू ने सत्ता में लौटने की कसम खाई है। सोमवार को नफ्ताली बेनेट और यायिर लैपिड संसद भंग करने के लिए सहमत हो गए। संयुक्त बयान में बेनेट और लैपिड ने गठबंधन को तोड़ने की जानकारी दी। इसमें कहा गया कि दोनों संसद भंग करने के लिए एक विधेयक लेकर आएंगे और अक्टूबर में चुनाव होने की उम्मीद है। नेतन्याहू को सत्ता से हटाकर सरकार बनाते समय बेनेट और लैपिड के बीच एक डील हुई थी जिसके तहत मौजूदा विदेश मंत्री कार्यवाहक प्रधानमंत्री बने रहेंगे। इसका मतलब है कि अगले महीने इजरायल दौरे पर आ रहे अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन का स्वागत बेनेट के बजाय लैपिड करेंगे। इजरायल की अरब पार्टी सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा थी लेकिन सरकार से नाराज चल रही थी। पार्टी का आरोप था कि फिलिस्तीनियों के इलाकों में यहूदियों को बसाया जा रहा है। एक साल पहले सत्ता संभालने के बाद से आठ पार्टियों के गठबंधन को एक साथ रखने में बेनेट विफल रहे।

# अमेरिका में हवाई यात्रा के सामान्य होने का दावा



**वाशिंगटन, (हि.स.)।** अमेरिका में पिछले व्यस्तम सप्ताहांत के दौरान 21,709 फ्लाइट में देरी हुई या रद्द हुईं। इसके बाद हवाई यात्रा के सामान्य होने का दावा किया गया है। फ्लाइट अवेयर ट्रैकिंग सेवा के डैशबोर्ड के अनुसार रविवार को कम से कम 7,224 फ्लाइट में विलंब हुआ या रद्द हुईं। शनिवार को भी 4,075 उड़ानें रद्द की गई थीं। शुक्रवार को भी यही हाल रहा। 10,410 उड़ानें रद्द हुईं या देरी से चलीं। तीन दिन के दौरान कुल 21,709 उड़ानें रद्द हुईं या उनकी उड़ानों में विलंब हुआ। इनमें 3,167 उड़ानें रद्द हुईं और 18,542 उड़ानों में विलंब हुआ। कुछ सप्ताह पहले विमानन कंपनियों ने मेमोरियल डे सप्ताहांत के आसपास पांच दिन की अवधि में लगभग 2,800 उड़ानें रद्द की थीं। इसके बाद विमानन कंपनी के मुख्य कार्यकारी प्रबंधकों के साथ अमेरिका के परिवहन मंत्री पीट बटिगिएग ने ऑनलाइन बैठक की थी। उल्लेखनीय है कि विमानन कंपनियां कर्मचारियों, विशेष रूप से पायलट की कमी से जूझ रही हैं। इस वजह से नियमित उड़ानों का संचालन प्रभावित हो रहा है।

# न्यूजीलैंड के जगमग हुआ आसमान देख आश्चर्यचकित हुए लोग

## -सामने आए एलन मस्क से जुड़े तार



**वेलिंग्टन (ईएमएस)।** न्यूजीलैंड के जगमग आसमान देखकर सभी हैरान हो गए। यह नजारा शाम करीब साढ़े सात बजे साउथ आइलैंड में सबसे प्रमुख तौर पर देखा गया। न्यूजीलैंड के नेल्सन शहर के ऊपर गैस के सर्पिलिंग प्लम ने आसमान को जगमग कर दिया। यह रविवार को शाम करीब 7:30 बजे तक दक्षिण की ओर 750 किमी की यात्रा करके स्टीवर्ट द्वीप पर पहुंचा। खबर में इसकी जानकारी दी गई है। रोशनी को देखकर न्यूजीलैंड के लोग हैरान हो गए। कई लोगों ने इस अद्भुत नजारे की फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की जो तेजी से वायरल हो रही है। इस रोशनी ने कई नए सवालों को जन्म दिया। अंधेरे आसमान में विशालकाय नीली और घूमती हुई रोशनी को देखने वाले एक शख्स ने कहा, 'वह किसी घूमती हुई विशालकाय गैलेक्सी की तरह लग रहा था और आसमान में धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा था।' रोशनी को देखकर वह शख्स उत्साह से भर गया और दौड़ दौड़कर अपने पड़ोसियों को घर से बाहर बुलाने के लिए उनके दरवाजे खटखटाने लगा। दावा किया गया कि यह घटना प्राकृतिक नहीं बल्कि मानव निर्मित थी। न्यू प्लायमाउथ एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी ने एक संभावित स्पष्टीकरण जारी करते हुए फेसबुक पर लिखा, 'आज रात करीब 7:30 बजे आसमान में देखा गया 'स्पाइरल' संभवतः स्पेसएक्स रॉकेट लॉन्च का फ्यूल डंप है।' पोस्ट में कहा गया, 'इस तरह के नजारे पहले भी देखे जा चुके हैं। स्पेसएक्स के ग्लोबलस्टार 2 एफएम15 के उस समय के आसपास न्यूजीलैंड के ऊपर से गुजरने की संभावना थी।' लोगों ने ट्विटर पर इसकी फोटो शेयर करते हुए इसके पीछे का कारण पूछा है। यूजर्स ने स्पेसएक्स के साथ इसके कनेक्शन पर भी सवाल उठाए हैं।

# चीन की वुहान लैब से ही लीक हुआ था कोरोना वायरस : डब्ल्यूएचओ प्रमुख



**लंदन (ईएमएस)।** वैश्विक स्वास्थ्य निगरानी संस्था विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) प्रमुख ट्रेडोस एदनम गेब्रेसस ने एक यूरोपीय नेता से निजी बातचीत में यह स्वीकार किया है कि चीन के वुहान लैब से ही कोरोना वायरस लीक हुआ था। रिपोर्ट के मुताबिक डब्ल्यूएचओ के प्रमुख ने यूरोप के एक नेता से की गई बातचीत की दौरान यह बात की है। उन्होंने इस बात की संभावना जताई कि हो सकता है कि वुहान लैब में कोई दुर्घटना हो गई हो, जहां से यह वायरस फैल गया। डब्ल्यूएचओ हमेशा से सार्वजनिक रूप से इस तथ्य को स्वीकार करने से बचता रहा है कि चीन के वुहान लैब से ही कोरोना वायरस लीक हुआ है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक ने कुछ दिन पहले सार्वजनिक रूप से कहा था कि अभी यह पता नहीं चल पाया है कि यह वायरस कहां से पैदा हुआ और यह इंसानों में कैसे आया। वायरस के उद्भव को पहचानना बहुत जरूरी है ताकि भविष्य में इस तरह की महामारी से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि लेकिन नैतिक रूप से इसका उद्भव पता करना हमारी जिम्मेदारी बनती है। यह जिम्मेदारी कोरोना संक्रमित होने वाले लोगों, संक्रमण की चपेट में जान गंवाने वाले लोगों और उनके परिजनों के प्रति है। इसे जानने में जितना अधिक समय लगेगा, उतना ही इसके बारे में जानना मुश्किल होता जाएगा। कोरोना वायरस का संक्रमण कैसे शुरू हुआ, यह राजनीतिक और वैज्ञानिक बहसों का मुद्दा बना हुआ है। दुनियाभर के कई वैज्ञानिक इस बात पर जोर देते हैं कि यह वायरस चमगादड़ों से इंसानों में आया। कई का कहना है कि यह लैब से लीक हुआ है। डब्ल्यूएचओ ने शुरूआती आंकलन में कहा था कि इस बात की संभावना नहीं है कि कोरोना वायरस किसी लैब से लीक हुआ होगा, लेकिन बाद में उसने कहा कि उसकी रिपोर्ट में खामी है और उसने इसकी दोबारा जांच के आदेश दिए। चीन वायरस संक्रमण फैलने के शुरूआती समय से ही अपने किसी लैब से वायरस के लीक होने की थ्योरी को खारिज करता रहा है। उसने तो एक बार यह भी दावा किया था कि यह वायरस अमेरिका से सब जगह फैला। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प कोरोना वायरस के संक्रमण के लिए चीन को ही जिम्मेदार ठहराते रहे थे और वह उसे चीन का वायरस कहते थे। डब्ल्यूएचओ द्वारा 2021 में गठित विशेषज्ञ पैनल ने हाल में जारी रिपोर्ट में कहा था कि कोरोना संक्रमण की शुरूआत के बारे में जानने के लिए महत्वपूर्ण आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। रिपोर्ट में हालांकि, यह संभावना जताई गई थी कि वायरस जानवरों खासकर चमगादड़ से इंसानों में आया। रिपोर्ट में हालांकि, इस संभावना से भी इनकार नहीं किया गया कि वायरस लैब लीक का नतीजा हो सकता है। डब्ल्यूएचओ के विशेषज्ञ इस बात को उठाते रहे हैं कि चीन कोरोना वायरस के उद्भव की जांच करने में सहयोग नहीं दे रहा है।

# एक ऑस्ट्रेलियाई कंपनी का दावा- इंसान को मरने के बाद भी कर देगी जिंदा

**वॉशिंगटन (ईएमएस)।** विज्ञान के अविष्कारों ने मानव का जीवन आसान कर दिया है। इंसान ने विज्ञान की मदद से कई तरह के आविष्कार किए हैं मगर विज्ञान ने इतनी भी तरक्की नहीं की है कि हम किसी को जिंदा कर पाएं। मौत के बाद फिर से जिंदा कर पाना असंभव ही लगता है पर अब एक ऑस्ट्रेलियाई कंपनी ने दावा किया है कि वो इंसान को मरने के बाद भी जिंदा कर देगी। इसके लिए कंपनी लोगों की लाशों को बर्फ में दफनाने का काम कर रही है। रिपोर्ट के अनुसार ऑस्ट्रेलिया की कंपनी सदर्न क्रायोनिक्स का हेडक्वार्टर सिडनी में है और उन्होंने वहां से करीब 500 किलोमीटर दूर होलब्रुक में अपनी हाइटेक फैसेलिटी सेटअप की है। कंपनी ने दावा किया है कि वो इंसान की लाश को -200 डिग्री सेल्सियस तापमान में दफन करेगी और उसके बाद भविष्य में अगर कभी विज्ञान इतनी तरक्की कर गया कि इंसान को मरने के बाद भी जिंदा किया जा सके तब दफन की गई लाशों को निकाल कर उन्हें जिंदा किया जाएगा। अब आपको बताते हैं कि इस प्रोजेक्ट में कितने रुपये खर्च होंगे। रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी अपने कस्टमर्स से 1 करोड़ से ज्यादा रुपये लाश को बर्फ में दफनाने के लिए चार्ज करेगी। लाश को लिक्विड नाइट्रोजन में -200 डिग्री सेल्सियस तापमान में एक स्टील चैंबर के अंदर दफन किया जाएगा। शरीर को स्टील चैंबर में उल्टा डाला जाएगा यानी सिर नीचे और पैर ऊपर। ऐसा इसलिए किया जाएगा जिससे कहीं अगर चैंबर लीक हुआ तो ब्रेन के उसके बावजूद भी बचने के चांस बने रहेंगे।

# आज का इतिहास 22 जून

1555 सरहिंद में सिकंदर सूरी पर जीत के बाद हुमायूं ने अकबर को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया.

1815 वाटरलू में हार के बाद नेपोलियन ने गद्दी छोड़ी.

1921 जेम्स क्रेग उत्तरी आयरलैंड के प्रथम प्रधानमंत्री बने.

1940 भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से अलग होने के बाद सुभाषचंद्र बोस ने फारवर्ड ब्लाक की स्थापना की.

1941 हिटलर द्वारा रूस पर आक्रमण.

1948 ब्रिटिश नरेश ने भारत के सम्राट की पदवी छोड़ दी.

1962 एयर फ्रांस बोइंग 707 जेट इवाडेलूप, विस्कांसित में तूफान में फंसकर नष्ट, 113 लोगों की मृत्यु.

1972 आयरिश रिपब्लिकन आर्मी ने उत्तरी आयरलैंड संघर्ष में सैशर्त युद्ध विराम की घोषणा की.

1983 ब्रिटिश युद्धपोत विक्टोरिया कैम्पर डाऊन से टकराने के बाद भूमध्यसागर में 359 व्यक्तियों सहित डूब गया.

1986 इंदिरा गांधी की हत्या के आरोप में सतवन्त सिंह, हरसिंह और बलवीर सिंह को फांसी की सजा.

1989 पेरू वायुसेना का एक विमान 42 व्यक्तियों सहित एंडेस में दुर्घटनाग्रस्त हो गया.

1990 दक्षिण अफ्रीका के नेता नेल्सन मंडेला ने राष्ट्रसंघ को संबोधित किया.

2000 चीन के शियुआन प्रांत में बांगजी नदी में एक नाव डूबने से 130 व्यक्ति मारे गए.

2001 केरल में कौसीकोड के निकट मंगलोर-चैन्नई एक्सप्रेस के दुर्घटना ग्रस्त हो जाने से 50 मरे व अनेक घायल.

2007 भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स 195 दिनों तक अंतरिक्ष में रहने के बाद धरती पर लौटी.

# चेहरे की पहचान तकनीक का उपयोग अब ऑस्ट्रेलियाई स्टोर में

## -खरीदारों को उनकी मनपसंद की वस्तुओं की ओर किया जा रहा आकर्षित

**मेलबर्न (ईएमएस)।** चेहरे की पहचान तकनीक का उपयोग अब ऑस्ट्रेलियाई स्टोर में खरीदारों की पहचान करने के लिए किया जा रहा है। इस तकनीक के जरिए खरीदारों को उनकी मनपसंद की वस्तुओं की तरफ आकर्षित किया जा रहा है। एक समय इस तकनीक का उपयोग पुलिस और खुफिया एजेंसियां करती थी। एक खोजी रिपोर्टिंग में खुलासा किया था कि ऑस्ट्रेलिया के तीन प्रमुख रिटेल स्टोर चेन केमार्ट, बनिंग्स और द गुड गायज नुकसान से बचने और बिक्री बढ़ाने के लिए ग्राहकों के चेहरे की पहचान की तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं। कंपनियों का कहना है कि वे उपभोक्ताओं को प्रवेश की शर्त के रूप में प्रौद्योगिकी के उपयोग की सलाह देती हैं। लेकिन क्या उपभोक्ताओं को वास्तव में पता है कि इसका क्या मतलब है, और उनकी छवियों का उपयोग या भंडारण कैसे या कहाँ किया जा सकता है? इन सबके जवाब सनशाइन कोस्ट विश्वविद्यालय में साइबर इंटेलिजेंस और साइबर अपराध जांच विभाग के लेक्चरर डेनिस बी डेसमंड ने दिया है। हम अपने चेहरे को फोकस में रखने के लिए फेशियल डिटेक्शन सॉफ्टवेयर का उपयोग करके अपने फोन और कैमरों के आदी हो गए हैं। लेकिन चेहरे की पहचान तकनीक हमारी विशिष्ट पहचान वाली जानकारी को एक संग्रहीत डिजिटल छवि से मिला कर इसे एक कदम आगे ले जाती है। चेहरे की पहचान ने एक लंबा सफर तय किया है। इसे शुरू में 2001 में लास वेगास कैसीनो में जुआरी और कर्मचारियों के बीच संबंधों की पहचान करने के लिए इस्तेमाल किया गया था, जहां संदिग्ध मिलीभगत थी। अमेरिका सरकार अंततः 9/11 अपहताओं की पहचान करने के लिए उसी तकनीक का उपयोग करेगी। इसे अब कानून प्रवर्तन और खुफिया समुदायों द्वारा व्यापक रूप से अपनाया गया है। वर्तमान में, क्लियरव्यू एआई और पिमआईज जैसे सॉफ़्टवेयर का उपयोग अत्यधिक परिष्कृत तरीकों से किया जा रहा है, इसका इस्तेमाल करने वालों में यूक्रेन में लड़ाकों की पहचान करने के लिए यूक्रेनी और रूसी सेनाएं शामिल हैं। लेकिन यह तकनीक बनिंग्स में क्या कर रही है? कैसीनो में इसके शुरूआती उपयोग के साथ, केमार्ट, बनिंग्स और द गुड गायज ने चॉइस को बताया कि उनके चेहरे की पहचान सॉफ़्टवेयर का उपयोग नुकसान की रोकथाम के लिए किया जाता है। स्टोर निगरानी उपकरणों और बॉडी कैमरों पर कैप्चर की गई छवियों का उपयोग चोरी या अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल इन-स्टोर व्यक्तियों की पहचान करने के लिए किया जा सकता है। बनिंग्स के मुख्य परिचालन अधिकारी साइमन मैकडॉवेल ने बताया कि तकनीक का इस्तेमाल "केवल टीम और ग्राहकों को सुरक्षित रखने और हमारे स्टोर में गैरकानूनी गतिविधि को रोकने के लिए" किया गया था। द गुड गायज और के मार्ट दोनों ने समाचार माध्यमों को बताया कि कुछ चुनिंदा दुकानों में - वे भी इसका उपयोग इन्हीं कारणों से कर रहे हैं, और ग्राहकों को साइनेज के माध्यम से इस बारे में सूचित किया गया था। चॉइस ने पुष्टि की कि प्रौद्योगिकी के उपयोग का खुलासा करने वाले कुछ संकेत थे - लेकिन बताया गया कि ये संकेत छोटे थे और अधिकांश खरीदारों का इनकी तरफ ध्यान नहीं जाएगा। इस खबर ने खरीदारों के डर को हवा दी है कि उनके छवि डेटा का उपयोग कैसे किया जा सकता है। जैसा कि मायनॉरिटी रिपोर्ट में है, स्टोर में ली गई छवियों का सैद्धांतिक रूप से लक्षित विज्ञापन के लिए और खरीदारी के अनुभव को बढ़ाने के लिए उपयोग किया जा सकता है। यह संभावना है कि मानक इन-स्टोर निगरानी के माध्यम से एकत्र की गई छवियों और वीडियो को विशेष चेहरे की पहचान सॉफ़्टवेयर का उपयोग करके दूरस्थ डेटाबेस के साथ तुरंत मिलान किया जाता है, या बाद में टैग की गई और सूचीबद्ध छवियों के डेटाबेस के साथ विश्लेषण किया जाता है। आदर्श रूप से, छवियों को एक फाइल में एन्कोड और संग्रहीत किया जाएगा जो केवल डिवाइस या सॉफ़्टवेयर प्रोसेसर के लिए विशिष्ट एल्गोरिदम द्वारा पठनीय है। हमने पहले ही ऑनलाइन खुदरा विक्रेताओं को कुकीज के माध्यम से और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर हमारे खरीद इतिहास को जोड़ने के लिए इस रणनीति का उपयोग करते देखा है।

# गर्लफ्रेंड ने रिश्ता तोड़ा, प्रेमी ने थमाया 7 लाख रुपए का 'ब्रेकअप बिल'

**शंघाई (ईएमएस)।** प्यार में जीने-मरने की कस्में खाने वाले प्रेमी-प्रेमिका में अनबन के बाद ब्रेकअप के किस्से आम है लेकिन चीन के शंघाई में रहने वाले एक युवक जो किया उसे सुनकर आप हैरान हो जाएंगे। इस युवक की गर्लफ्रेंड ने जैसे ही उससे रिश्ता तोड़ा तो उसने बाकायदा ब्रेकअप लॉग बनाकर उस पर खर्च की गई पाई-पाई वापस मांग ली। उसके खर्च का ब्रेक अप लॉग इस वक्त चीन के सोशल मीडिया पर जबरदस्त पॉपुलैरिटी हासिल कर रहा है। इस लॉग लिस्ट में पानी की बोतल से लेकर चिप्स और बाकी स्नैक्स का भी हिसाब-किताब लिखा गया है। वैसे मामला कुछ भी हो, लेकिन लड़के की याददाश्त और क्रिएटिविटी तो माननी ही पड़ेगी। चाइनीज मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मामला शंघाई का है। लड़का यहीं का रहने वाला है और वो एक लड़की को सालभर से डेट कर रहा था। जब उन दोनों का रिश्ता टूटने के कगार पर पहुंचा तो लड़के ने मजेदार स्टेप उठाया। उसने कुल 3 पेज में डेटिंग के दौरान खर्च की गई एक-एक पाई का कम्प्यूटराइज्ड लॉग तैयार किया। ये लॉग रिलेशनशिप के दौरान हर दिन खर्च किए गए पैसे का हिसाब था। चीन के सोशल मीडिया पर लड़के की ये डिटेल्ड ब्रेक अप लिस्ट जमकर वायरल हो रही है। कुछ लोग उसकी हरकत को सही नहीं मान रहे हैं तो वहीं बहुत से लोगों उसकी याददाश्त की भरपूर तारीफ की है। शख्स ने जो लिस्ट बनाई है, उसमें छोटे-मोटे खर्च भी लिखे गए हैं। इसमें 2 पानी की बोतलें और स्नैक्स पर किया गया खर्च भी मेंशन है। जो स्नैक्स लड़की ने अकेले खाए उसे भी लिखा गया है और कपल एक्सपेंडिचर भी लिखे हैं। डिनर और लंच के खर्च को आधा कर दिया गया है। लड़की की मां के बीमार होने पर हॉस्पिटलाइजेशन का खर्च और उनकी मौत के बाद अंतिम संस्कार में मदद के तौर पर दिया गया खर्च भी लिस्ट में मेंशन है।



काठमांडू में टॉर्च रैली निकालकर इंधन की कीमतें बढ़ने का विरोध करते हुए लोग। (फोटो-ईएमएस)

# सप्लाई चेन बाधित होने से जर्मनी में बीयर, जापान में प्याज और अमेरिका में पॉपकॉर्न महंगा



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** कोरोना महामारी के बाद सप्लाई चेन के बाधित होने का व्यापक असर महंगाई के रूप में सामने आ रही है लिहाजा हर चीज महंगी होती जा रही है। हालांकि, कुछ चीजें हैं जो अलग-अलग देशों में अधिक महंगी हो रही हैं। दुनिया भर में पॉपकॉर्न से लेकर स्पाइसी सॉस श्रीरचा तक की कमी हो रही है। ग्रॉसरी शेल्फ में ये सब बड़ी मुश्किल से देखने को मिल रहे हैं। इससे साफ हो रहा है कि अभी दुनिया भर में सप्लाई चेन भारी दबाव में है। तमाम कंपनियां अलग-अलग मौकों पर यह बात स्वीकारती भी रही हैं कि सप्लाई चेन में दिक्कत से सामान की उपलब्धता नहीं हो पा रही है। पिछले कुछ महीनों में बहुत सारी चीजों या तो बेहद महंगी हो चुकी हैं या फिर ढूंढे नहीं मिल रही हैं। इनमें ऑस्ट्रेलिया में लेट्यूस, जापान में प्याज और सलामी और जर्मनी में बोतल वाली बीयर शामिल हैं। अब तमाम बिजनेस अपने ग्राहकों की मांग को पूरा करने से लिए वैकल्पिक तरीकों की तलाश में जुट गए हैं। इस समस्या की असल वजह इन चीजों की दिक्कत नहीं है, बल्कि ग्लोबल सप्लाई चेन की दिक्कत के चलते ये सब हो रहा है। जब मैन्युफैक्चरर शीशे की बोतल या एल्युमिनियम कैन बनाएंगे ही नहीं, तो फिर लोगों को सोडा और बीयर मुहैया कैसे कराई जाएगी। वहीं शिपिंग कंटेनर की कमी और लेबर मार्केट में लोगों की कमी के चलते सप्लाई की चुनौती से जूझना पड़ रहा है। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध के चलते अनाज और खाने का तेल भी महंगे हो गए हैं। साथ ही खाने की चीजें और एनर्जी की कीमतें भी बढ़ गई हैं। इसके लिए मौसम, कोरोना महामारी और तेजी से बढ़ी मांग जिम्मेदार है। इन दिनों तमाम रेस्टोरेंट में इस्तेमाल होने वाला सॉस श्रीरचा भी ढूंढे नहीं मिल रहा है। इस सॉस को बनाने वाली कंपनी को अपना प्रोडक्शन बंद करना पड़ा है, क्योंकि चिली पेपर्स की कमी हो गई है। अमेरिका में पॉपकॉर्न की कमी से फिल्म देखने जाने वाले बहुत चिंता में हैं, क्योंकि फिल्म देखते वक्त पॉपकॉर्न खूब खाया जाता है। ऐसा नहीं है कि सिर्फ कप, पेपर बैग और लिड की ही सप्लाई की दिक्कत हो गई है, बल्कि किसान भी मक्के यानी कॉर्न के बजाय दूसरी अधिक कमाई वाली फसलें उगा रहे हैं। सब्जियों की भी काफी हद तक कमी देखने को मिल रही है।

# आरआईएल सहित दो अन्य पर सेबी ने किया 30 लाख रुपये का जुर्माना



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड (सेबी) ने रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) एवं दो व्यक्तियों पर 30 लाख रुपये जुर्माना किया है। पूंजी बाजार नियामक सेबी ने जियो-फेसबुक सौदे की सीधे शेयर बाजार को जानकारी नहीं देने पर यह जुर्माना किया है। सेबी ने आदेश में कहा है कि जियो-फेसबुक सौदे के बारे में शेयर बाजार को सीधे तौर पर जानकारी न देकर समाचार पत्र में इसकी जानकारी दी गई थी। इसको सेबी के प्रावधानों का उल्लंघन मानते हुए आरआईएल, सावित्री पारेख और सेतुरामन पर संयुक्त रूप से 30 लाख रुपये जुर्माना लगाने का फैसला लिया गया। सेबी के आदेश के मुताबिक जुर्माने की रकम को 45 दिनों के अंदर जमा करना होगा। बाजार नियामक सेबी की अधिनिर्णय अधिकारी बनार्ली मुखर्जी ने इस आदेश में कहा कि जियो प्लेटफॉर्म में 9.99 फीसदी हिस्सेदारी लेने के लिए फेसबुक के 43, 574 करोड़ रुपये निवेश सौदे की जानकारी समाचार पत्र में 24-25 मार्च, 2020 पहले आया था। लेकिन, इसके बारे में शेयर बाजार को सूचना 22 अप्रैल, 2020 को दी गई थी। उल्लेखनीय है कि सोशल मीडिया कंपनी फेसबुक ने आरआईएल के डिजिटल प्लेटफॉर्म्स रिलायंस जियो में 5.7 बिलियन यानी 43,574 करोड़ रुपये का निवेश किया था। फेसबुक ने यह निवेश रिलायंस जियो में 9.99 फीसदी हिस्सेदारी के लिए साल 2020 में किया था।

# क्रिप्टो करेंसी मार्केट में सुधार के आसार, बिटकॉइन ने पार किया 20 हजार डॉलर का स्तर



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** पिछले कई दिनों से लगातार गिरावट का सामना करने के बाद अब एक बार फिर क्रिप्टो करेंसी मार्केट के दिन फिरते हुए नजर आ रहे हैं। पिछले सप्ताह जोरदार गिरावट का सामना करने के बाद इस सप्ताह क्रिप्टो करेंसी मार्केट में तेजी आती दिख रही है, जिसके कारण कई प्रमुख क्रिप्टो करेंसी की कीमत में तेजी का रुख बना है। बाजार में आए सुधार के कारण दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे चर्चित क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन 2 प्रतिशत की बढ़त के साथ एक बार फिर 20 हजार डॉलर के स्तर को पार करके 20,412 डॉलर के स्तर पर आ गई है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल नवंबर के बाद से ही क्रिप्टो करेंसी मार्केट में लगातार दबाव का रुख बना हुआ है। पिछले साल नवंबर में बिटकॉइन 69,900 डॉलर के सर्वोच्च स्तर तक पहुंच गया था। लेकिन उसके बाद बाजार में मची भगदड़ के कारण इसकी कीमत में लगातार गिरावट आती गई। पिछले सप्ताह बाजार के दबाव की वजह से दुनिया की इस सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी की कीमत गिरकर 20 हजार डॉलर से भी कम हो गई थी। बिटकॉइन की कीमत में साल 2022 में ही अभी तक 55 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की जा चुकी है। लेकिन पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान बाजार में सुधार होने के संकेत मिलने से बिटकॉइन की स्थिति में भी सुधार नजर आने लगा है। बिटकॉइन की तरह ही एथेरियम ब्लॉकचेन से जुड़ी दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी ईथर में भी पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान करीब 3 प्रतिशत की तेजी आई है, जिसके कारण ये क्रिप्टो करेंसी उछलकर 1,113 डॉलर के स्तर पर आ गई है।

इन दोनों प्रमुख क्रिप्टो करेंसीज के अलावा दोगेकॉइन, स्टेलर, यूनिस्वैप, एक्सआरपी, टेथर, पॉलीगॉन, लाइट कॉइन, चेनलिंक, टेरा लूना क्लासिक, कॉरडैनो और ट्रॉन जैसी छोटी क्रिप्टो करेंसीज में भी पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान 2 से लेकर 8 प्रतिशत तक की तेजी दर्ज की गई है।

# पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल 116 डॉलर प्रति बैरल के करीब ट्रेंड कर रहा है। हालांकि, घरेलू बाजार में पेट्रोल-डीजल की कीमत पिछले एक महीने से स्थिर है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने फिलहाल दोनों ईंधन की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। दिल्ली में मंगलवार को पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर टिका रहा। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में पेट्रोल की कीमत 109.27 रुपये प्रति लीटर और डीजल 95.84 रुपये प्रति लीटर है। वहीं, कोलकाता में पेट्रोल का दाम 106.03 रुपये प्रति लीटर, जबकि डीजल का भाव 92.76 रुपये प्रति लीटर है। इसी तरह चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये प्रति लीटर और डीजल का 94.24 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। देश के अन्य शहरों नोएडा में पेट्रोल 96.79 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.96 रुपये प्रति लीटर है। वहीं, लखनऊ में पेट्रोल का दाम 96.57 रुपये प्रति लीटर, जबकि डीजल का भाव 89.76 रुपये प्रति लीटर है। इसी तरह पटना में पेट्रोल 107.24 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.04 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है, जबकि पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपये और डीजल 79.74 रुपये प्रति लीटर है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में उतार-चढ़ाव का सिलसिला लगातार जारी है। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन दिन ब्रेंट क्रूड 115.44 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है, जबकि डब्ल्यूटीआई क्रूड 112.01 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

# वोडाफोन समूह से 500 करोड़ की राशि जुटाने 22 जून को होगी वीआईएल बोर्ड की अहम बैठक




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** सूचना प्राद्योगिकी क्षेत्र की निजी कंपनी वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) के बोर्ड की बैठक 22 जून को होगी, जिसमें वोडाफोन समूह से 500 करोड़ रुपये जुटाने के प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा और उसे मंजूरी दी जाएगी।

यह राशि वोडाफोन समूह (कंपनी के प्रवर्तकों में एक) से संबंधित एक या अधिक संस्थाओं को तरजीही आधार पर इक्विटी शेयर या परिवर्तनीय वारंट जारी कर जुटाई जाएगी। वीआईएल ने शेयर बाजार को बताया, वोडाफोन समूह (कंपनी के प्रवर्तकों में से एक) से संबंधित एक या अधिक संस्थाओं को तरजीही आधार पर इक्विटी शेयर या परिवर्तनीय वारंट जारी करके 500 करोड़ रुपये तक की धनराशि जुटाने के प्रस्ताव पर विचार करने के लिए कंपनी के निदेशक मंडल की एक बैठक बुधवार, 22 जून 2022 को होगी। यह कदम ऐसे वक्त उठाया गया है जब भारतीय दूरसंचार बाजार 5जी स्पेक्ट्रम नीलामी के लिए तैयार है।

# ई-कॉमर्स सप्लायर्स को जीएसटी काउंसिल से राहत की उम्मीद




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** जीएसटी के कड़े प्रावधानों का सामना कर रहे ई-कॉमर्स सप्लायर्स को जल्द ही राहत मिलने की उम्मीद दिख रही है। दावा किया जा रहा है कि अगले सप्ताह चंडीगढ़ में होने वाली जीएसटी काउंसिल की बैठक में ई-कॉमर्स सप्लायर्स से जुड़े नियमों में कुछ ढील दी जा सकती है। बताया जा रहा है कि बैठक के एजेंडे में इस मसले को चर्चा के प्रमुख विषयों में शामिल किया गया है। जीएसटी काउंसिल से जुड़े जानकारों के मुताबिक काउंसिल की बैठक में सरकार की ओर से नेशनल एंटी प्रॉफिटियरिंग अथॉरिटी (एनएए) के कामकाज से संबंधित तथा काउंसिल के सामने पेश की गई अभी तक की मांगों के संबंध में एक बहुस्तरीय रिपोर्ट भी पेश की जा सकती है। बताया जा रहा है कि सरकार की ओर से एनएए का कंपटीशन कमीशन ऑफ इंडिया (सीसीआई) में विलय किए जाने के प्रस्ताव की भी जीएसटी काउंसिल की बैठक में चर्चा की जा सकती है। केंद्र सरकार ने पहले ही एनएए का सीसीआई में विलय करने का प्रस्ताव पेश किया था।

अगर नेशनल एंटी प्रॉफिटियरिंग अथॉरिटी का कंपटीशन कमिशन ऑफ इंडिया में विलय कर दिया जाता है, तो एनएए के सभी पेंडिंग पड़े मामलों की जांच और उन पर फैसला लेने का अधिकार कंपटीशन कमिशन ऑफ इंडिया के पास चला जाएगा। जानकारों के मुताबिक पिछले महीने के अंत तक नेशनल एंटी प्रॉफिटियरिंग अथॉरिटी के पास 400 से अधिक मामले पेंडिंग पड़े थे। इतनी बड़ी संख्या में मामलों के पेंडिंग होने की वजह से सीसीआई ने विलय प्रस्ताव का प्रारंभिक स्तर पर विरोध भी किया था। बताया जा रहा है कि इसी वजह से सरकार की ओर से अथॉरिटी को जल्द से जल्द और ज्यादा से ज्यादा पेंडिंग मामलों को निपटा लेने का निर्देश दिया गया है, ताकि अगर इसका कंपटीशन कमीशन ऑफ इंडिया में विलय होता है तो इसके पेंडिंग कामों का ज्यादा बोझ सीसीआई पर ना पड़े।

# रॉयल एनफील्ड हिमालयन का नया वर्जन जल्द होगा लांच

**-कंपनी की 5 नई बाइक्स, धांसू फीचर्स और दमदार डिजाइन से हैं लैस**

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** भारतीय बाजारों में रॉयल एनफील्ड कंपनी अपनी लाइनअप को विस्तार देने जा रही है। ये कंपनी पहले ही रॉयल एनफील्ड स्क्रैम 411 को भारतीय मार्केट में लॉन्च कर चुकी है लेकिन चेन्नई बेस्ड ये कंपनी अब कई नए मॉडल्स के साथ भारत में विस्तार करना चाहती है। इन मॉडल्स में रॉयल इनफील्ड हिमालयन, क्लासिक 650, हंटर, शॉटगन और सुपर मीटियोर 650 जैसे नाम शामिल हैं। रॉयल एनफील्ड हिमालयन का नया वर्जन जल्द ही भारत में लॉन्च हो सकता है लेकिन लॉन्च से पहले ही इस बाइक की भारतीय सड़कों पर कई बार टेस्टिंग की जा चुकी है। इस मोटरसाइकिल में 450 सीसी का अपडेटेड सिंगल सिलेंडर लिक्विड कूल इंजन देखने को मिल जाएगा। हालांकि इस इंजन के पावर को लेकर बहुत अधिक जानकारियां बाहर नहीं आई हैं लेकिन माना जा रहा है कि ये इंजन 40 एचपी और 45 एनएम टॉर्क प्रोड्यूस कर सकता है। कई रिपोर्ट्स के अनुसार, इस बाइक में तीन राइड मोड्स और काफी बड़े पहिए भी देखने को मिल जाएंगे। रॉयल एनफील्ड क्लासिक 650 के कई स्पाय शॉट्स लिए जा चुके हैं। इन शॉट्स के अनुसार इस बाइक में सर्कुलर हेडलैंप और टियर ड्रॉप फ्यूल टैंक मौजूद हैं। इसके अलावा इस बाइक में सर्कुलर इंस्ट्रूमेंट पैनल और स्प्लिट डिटैचेबल पिलियन यूनिट्स की भी उम्मीद की जा रही है। इस बाइक में 649 सीसी का पावरफुल ट्विन सिलेंडर इंजन देखने को मिल जाता है। हालांकि इस बाइक में पावर के आंकड़ों को लेकर खास जानकारी उपलब्ध नहीं है।

रॉयल एनफील्ड मीटियर मोटरसाइकिल पहले से ही भारत में सेल पर मिल रही है। हालांकि रॉयल एनफील्ड सुपर मीटियोर 650 इस मीटियोर का अपग्रेडेड वर्जन है और ये मोटरसाइकिल, रॉयल एनफील्ड मीटियर की तुलना में ज्यादा ठोस और मजबूत है। इस मोटरसाइकिल को लेकर उम्मीद जताई जा रही है कि इसमें वही इंजन देखने को मिल सकता है जो रॉयल एनफील्ड इंटरसेप्टर 650 में देखने को मिला था यानि इसमें 648 सीसी का, एयर और ऑयल कूल्ड, पैरेलल ट्विन इंजन देखने को मिल सकता है जो 47 बीएचपी पावर और 52 एनएम का पीक टॉर्क प्रोड्यूस कर सकता है। हालांकि अब तक इस इंजन की ट्यूनिंग को लेकर ज्यादा खबरें सामने नहीं आई हैं। माना जा रहा है कि ये बाइक इस साल अगस्त के महीने में लॉन्च हो सकती है। रॉयल एनफील्ड हंटर 350 रोडस्टर पिछले काफी समय से सुर्खियों में चल रही है। इस बाइक को लेकर फैंस में दीवानगी बनी हुई है और इसे रॉयल एनफील्ड की सबसे बहुप्रतीक्षित मोटरसाइकिल में से एक माना जा रहा है।

इस बाइक के अगर फीचर्स की बात करें तो इस मोटरसाइकिल के अंदर सर्कुलर हेडलैंप, अलॉय व्हील्स और डिस्क ब्रेक देखने को मिल जाएंगे। इसके अलावा इस बाइक में 349 सीसी का पावरफुल इंजन मिलेगा। ये इंजन सिंगल सिलेंडर, एयर कूल इंजन होगा जिसमें ओएचसी लेआउट भी देखने को मिल जाएगा। बता दें कि ऐसा ही लेआउट, रॉयल एनफील्ड क्लासिक 350 और मीटियोर 350 में भी देखने को मिलता है। रॉयल एनफील्ड की इस बाइक की कुछ तस्वीरें पिछले कुछ समय से यूजर्स के बीच देखने को मिल रही हैं। कुछ समय पहले एक्टर सुंग कांग ने इस बाइक की तस्वीरें और डिजाइन डिटेल्स को शेयर किया था। इस बाइक को लेकर उम्मीद की जा रही है कि इसमें ट्रिपर नेविगेशन के साथ सेम-डिजिटल इंस्ट्रूमेंट पैनल भी मिलने की संभावना है। माना जा रहा है कि इस बाइक में भी कॉन्टिनेंटल जीटी 650 और इंटरसेप्टर 650 की तरह का ही सेम इंजन दिखाई दे सकता है।

# भारत में 2022 हयूदै वेन्यू फेसलिफट मॉडल लांच


**-दमदार फीचर्स के साथ मिलेगा तगड़ा डिजाइन**



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** भारत में 2022 हयूदै वेन्यू फेसलिफट मॉडल लांच कर दिया गया है। अगर आपको ज्यादा फीचर्स से मतलब नहीं है और आप चाहते हैं कि किफायती कीमत में एक एसयूवी आप खरीद पाएं तो इसके लिए आपको कुछ भी करने की जरूरत नहीं है। दरअसल आप चाहते हैं तो आप बेस मॉडल परचेज कर सकते हैं जो सबसे सस्ता होता है। अगर बात करें बेस मॉडल की तो ये 1.2 कप्पा पेट्रोल 5- स्पीड मेनूअल वेन्यू -ई है जिसे ग्राहक सबसे किफायती कीमत में खरीद सकते हैं। एसयूवी का ये मॉडल 753,100 रुपये एक्स-शोरूम कीमत में उपलब्ध है जबकि अगर टॉप मॉडल की बात करें तो इसकी कीमत एक्स-शोरूम 1,247,000 रुपये है। इन दोनों ही कीमतों में जमीन आसमान का फर्क है। अगर आप बेस मॉडल को खरीदते हैं तो इसकी कीमत ऑन रोड पर आते ही बढ़ जाती है, हालांकि ये कीमत ऑन रोड आते ही बढ़ जाती है। अगर इस कीमत की बात करें तो ये 8,20,516 रुपये है। कुल मिलाकर आप 10 लाख रुपये से भी कम कीमत पर इसे खरीद सकते हैं। ऐसे में अगर आपका एक महंगी एसयूवी खरीदने का बजट नहीं बन पा रहा है तो आप ये मॉडल खरीदकर एसयूवी परचेज कर सकते हैं। आपको अगर इसे खरीदना है तो हम आपको इसके एक बेहतरीन मॉडल के बारे में बताने जा रहे हैं जो आपके बजट में आसानी से फिट हो जाएगा।

## दैनिक पंचांग

**22 जून 2022 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 07.05 बजे से |
| चंद्र | मीन में | सिंह | 09.21 बजे से |
| मंगल | मीन में | कन्या | 11.33 बजे से |
| बुध | वृष में | तुला | 13.44 बजे से |
| गुरु | मीन में | वृश्चिक | 15.58 ब.से |
| शुक्र | वृष में | धनु | 18.14 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मकर | 20.20 बजे से |
| राहु | मेष में | कुंभ | 22.06 बजे से |
| केतु | तुला में | मीन | 23.39 बजे से |
| राहुकाल | | मेष | 01.09 बजे से |
| 12.00 से 1.30 बजे तक | | वृष | 02.49 बजे से |
| | | मिथुन | 04.48 बजे से |

**बुधवार** 2022 वर्ष का 173 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2079 **शक संवत्** 1944 **मास** आषाढ़ (दक्षिण भारत में ज्येष्ठ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** नवमी 20.46 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** रेवती अहोरात्र। **योग** सौभाग्य 05.31 बजे तदनन्तर शोभन 04.56 बजे प्रातः को समाप्त। **करण** तैतिल 08.33 बजे तदनन्तर गर 20.46 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 22.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर $23^{0}$ 26'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871287
**जूलियन दिन** 2459752.5
**कलियुग संवत्** 5123
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2548
**हिजरी सन्** 1443
**महीना** जिल्काद
**तारीख** 22

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# टाटा नैनो से भी छोटा इलेक्ट्रिक व्हीकल बनाया

**-माइक्रो मोबिलिटी सिस्टम्स कंपनी ने अनूठा प्रयोग किया**

**ये इलेक्ट्रिक वाहन अभी फुल-स्टेज प्रोडक्शन में भी नहीं पहुंचा और अभी से ही 30 हजार लोगों ने इस इलेक्ट्रिक व्हीकल को लेकर एडवांस बुकिंग कर दी है।**



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** स्विट्जरलैंड की माइक्रो मोबिलिटी सिस्टम्स कंपनी ने एक अनूठा प्रयोग किया है। कंपनी ने मोटरसाइकिल और कार के डिजाइन का मिश्रण कर ये अद्भुत इलेक्ट्रिक व्हीकल बनाया है। ये देखने में टाटा नैनो से भी छोटा इलेक्ट्रिक व्हीकल है। अपने बेहद दिलचस्प डिजाइन और अनूठे फीचर्स के चलते ये इलेक्ट्रिक व्हीकल लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। इस व्हीकल की लोकप्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि ये इलेक्ट्रिक वाहन अभी फुल-स्टेज प्रोडक्शन में भी नहीं पहुंचा और अभी से ही 30 हजार लोगों ने इस इलेक्ट्रिक व्हीकल को लेकर एडवांस बुकिंग कर दी है। इस कार के अगर फीचर्स की बात करें तो कंपनी ने अपनी वेबसाइट्स पर कुछ डिटेल्स जारी किए हैं। इन डिटेल्स के अनुसार, इस वाहन में दो लोग एक साथ बैठकर यात्रा कर सकते हैं। महज 535 किलो वजनी इस इलेक्ट्रिक वाहन को एक बार चार्ज करने के बाद 235 किलोमीटर तक चलाया जा सकता है। हालांकि इस वाहन के बेस मॉडल की रेंज सिर्फ 115 किलोमीटर के आसपास ही है। कंपनी ने ये भी कहा कि इस छोटी सी कार को 90 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ाया जा सकता है। इस इलेक्ट्रिक वाहन में 230 लीटर ट्रंक स्पेस है और ये कार दरअसल एक कॉम्पैक्ट चार-पहिया इलेक्ट्रिक व्हीकल है। कंपनी का कहना है कि इस कार को सिटी राइड के हिसाब से तैयार किया है। इस तरह इस कार को बिना दोबारा चार्ज किए आराम से सप्ताह भर चलाया जा सकता है। ये कार तकनीकी तौर पर एक क्वैड्रीसाइकिल है, लेकिन इसे कॉम्पैक्ट कार की तरह डिजाइन किया गया है, यही कारण है कि इस गाड़ी को यूरोप में क्लास एल7ई व्हीकल कैटेगिरी में डाला गया है। कंपनी ने ये भी कहा है कि इस व्हीकल के 90 प्रतिशत कल-पुर्जे यूरोप में ही बने हैं। कंपनी इसे इटली के टूरिन स्थित प्लांट में बना रही है। कंपनी का कहना है कि वे प्लांट की क्षमता को 1,500 व्हीकल सालाना से बढ़ाकर करीब 10 हजार करने की तैयारी में है। बता दें कि स्विट्जरलैंड के ग्राहकों के लिए इस इलेक्ट्रिक व्हीकल की शुरूआती कीमत 15,340 डॉलर यानी करीब 12 लाख रुपये रखी गई है। वहीं अगर यूरोप की बात करें तो इसकी शुरूआती कीमत 13,400 डॉलर लिस्ट की गई है।




**शुभ संवत 2079, शाके 1944, सौम्य गोष्ठ, आषाढ कृष्ण पक्ष, वर्षा ऋतु, गुरु उदय पूर्वे तथा शुक्रोदय पूर्वे तिथि नवमी, बुधवासरे, उ.मा. नक्षत्रे, सौभाग्य योगे, तैतिलकरणे, मीन की चंद्रमा, मूल प्रारंभ दिन 9/49 से अन्नप्रासन औषणि सेवन, व्यापार वाहन क्रय विक्रय मुर्हूत तथापि उत्तर दिशा की यात्रा शुभ होगी।**

**आज जन्म लिए बालक का फल........**

**आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, कुशल वक्ता-अधिवक्ता, शासक-प्रशासक, उत्तम वृत्ति वाला, योगी-भोगी, बैंक कर्मचारी, कैशियर, लेखापाल तथा प्रबंधक, कम्प्यूटर ऑपरेटर, इंजीनियर, धनी-मानी व्यापारी होगा।**

**मेष राशि - नेत्र पीड़ा, यात्रा, विवाद, मातृ कष्ट, व्यर्थ का विरोध, पड़ोसियों से विरोध बनेगा।**
**वृष राशि - धन व्यय होगा, व्यापार में प्रगति, शुभ कार्य होगा, परिस्थितियां आपके अनुकूल बनी रहेंगी।**
**मिथुन राशि - पितृ कष्ट, यात्रा योग, व्यय, लाभ, अस्थिरता, अशांति का वातावरण रहेगा।**
**कर्क राशि - यात्रा सुख, भूमि लाभ, हर्ष, सिद्धी, खेती व गृह कार्य की व्यवस्था उत्तम बनेगी।**
**सिंह राशि - शरीर कष्ट, अपव्यय, कार्य में सफलता मिलेगी, आर्थिक सुधार के कार्य बनेंगे।**
**कन्या राशि - खर्च, विवाद, स्त्री कष्ट, विद्या लाभ, धीरे-धीरे स्थिति में सुधार के साथ लाभ होगा।**
**तुला राशि - यात्रा से हानि, राज लाभ, शरीर कष्ट, खर्च अधिक होगा, समय स्थिति को देखकर आगे बढ़ें।**
**वृश्चिक राशि - वृत्ति में लाभ, यात्रा, सम्पत्ति लाभ, व्यापार में सुधार होगा, खर्च होती ही रहेंगे।**
**धनु राशि - अल्प लाभ, चोर-अग्नि शरीर भय, मानसिक परेशानी, अपवाद तथा उलझनें रहेंगी।**
**मकर राशि - शत्रु से हानि, अपव्यय होगा, शरीरादि सुख होगा, व्यवस्था में कमी का अनुभव होगा।**
**कुंभ राशि - शुभ कार्यो में व्यय होगा, संतान सुख, सफलता, उत्साह की वृद्धि होगी, रुके कार्य बनेंगे।**
**मीन राशि - पदोन्नति, राजभय, न्याय लाभ, हानि तथा अधिकारियों से मन-मुटाव होगा।**

# यूनिफर अंडर-23 टूर्नामेंट : भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने नीदरलैंड को 2-2 से ड्रा पर रोका



**डबलिन, (हि.स.)।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने सोमवार को डबलिन, आयरलैंड में पांच देशों के यूनिफर अंडर-23 टूर्नामेंट के अपने दूसरे मैच में नीदरलैंड को 2-2 से ड्रा पर रोक दिया। भारत के लिए अन्नू (19') और ब्यूटी डुंगडुंग (37') ने एक-एक गोल किया, जबकि डच टीम के लिए ब्रॉवर एम्बर (13') और वैन डेर ब्रोक बेलेन (17') ने एक-एक गोल किया। नीदरलैंड की टीम ने पहले पांच मिनट में एक के बाद एक तीन पेनल्टी कार्नर हासिल कर भारत को शुरूआत में ही दबाव में डाल दिया। हालाँकि, भारतीय रक्षा पंक्ति ने बेहतरीन प्रदर्शन कर विपक्षी टीम को गोल नहीं करने दिया। मैच के 13वें मिनट में ब्रॉवर एम्बर ने गोल कर नीदरलैंड्स को 1-0 से आगे कर दिया। इस गोल के चार मिनट ही मैच के 17वें मिनट में डेर ब्रोक बेलेन ने गोल कर अपनी टीम की बढ़त 2-0 कर दी। हालांकि 2 मिनट बाद ही 19वें मिनट में अन्नू ने गोल कर भारत का खाता खोला और स्कोर 2-1 हो गया। हॉफ टाइम तक नीदरलैंड की टीम 2-1 से आगे रही। हॉफ टाइम के बाद मैच के 37वें मिनट में ब्यूटी डुंगडुंग ने गोल कर भारत को 2-2 से बराबरी दिला दी और अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम टूर्नामेंट के अपने तीसरे मैच में बुधवार को यूक्रेन का सामना करेगी।

# टी 20 विश्व कप भारतीय टीम में धवन के वापसी की संभावना नहीं : सुनील गावस्कर



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का मानना है कि अनुभवी सलामी बल्लेबाज शिखर धवन के टी 20 विश्व कप भारतीय टीम में वापसी की संभावना नहीं है। धवन पहले ही 2014 और 2016 में भारत के लिए दो टी 20 विश्व कप खेल चुके हैं और इस साल के आईपीएल में अच्छे फॉर्म के कारण टीम में उनके चयन की संभावना बढ़ गई थी , लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल ही में पांच मैचों की श्रृंखला के लिए उन्हें नजरअंदाज कर दिया गया था, चयनकताओं ने इसके बजाय नवागंतुक रुतुराज गायकवाड़ और ईशान किशन को टीम में चुना। धवन यूनाइटेड किंगडम के आगामी व्हाइट-बॉल दौरे के लिए भी चयन से चूक गए, जो इस महीने के अंत में आयरलैंड के खिलाफ दो मैचों से शुरू होगी। जहां पहली पसंद के सलामी बल्लेबाज राहुल की फिटनेस को लेकर चिंता बनी हुई है, वहीं गावस्कर को उम्मीद नहीं है कि धवन अक्टूबर में तीसरे टी20 विश्व कप में जगह बनाएंगे। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स से बातचीत में कहा, "नहीं, मुझे उनका नाम नहीं दिखाई दे रहा है। अगर उन्हें टी-20 विश्वकप टीम में रखना होता तो वह आयरलैंड के खिलाफ दो टी-20 मैचों की श्रृंखला के लिए टीम में होते। बहुत सारे लोग इंग्लैंड गए हैं और वह इस टीम में हो सकते थे। अगर वह इस टीम में नहीं है, तो मेरे हिसाब से वह टी-20 विश्व कप टीम में नहीं हैं।" गायकवाड़ और किशन ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल ही में पूरी हुई श्रृंखला के दौरान अर्धशतक लगाकर विश्व कप के लिए अपनी दावेदारी मजबूत की। विशेष रूप से किशन ने 40 से अधिक औसत से कुल 206 रन बनाकर सभी को प्रभावित किया। लेकिन गावस्कर को इसमें कोई संदेह नहीं है कि ऑस्ट्रेलिया में भारत का सर्वश्रेष्ठ ओपनिंग संयोजन रोहित और राहुल का ही होगा। गावस्कर ने कहा, "मेरे शुरूआती संयोजन में केएल राहुल होंगे अगर वह फिट हैं, और रोहित शर्मा उनके साथ हैं।" टी20 विश्व कप 16 अक्टूबर से शुरू होगा, जिसमें भारत का पहला मैच 23 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ एमसीजी पर होगा।

# रविचंद्रन अश्विन हुए कोरोना संक्रमित, नहीं भर सके इंग्लैंड के लिए उड़ान




**मुंबई, (हि.स.)।** भारतीय हरफनमौला खिलाड़ी रविचंद्रन अश्विन कोरोना संक्रमित हो गए हैं, जिसके बाद वह इंग्लैंड के लिए उड़ान नहीं भर सके। अश्विन 16 जून को टेस्ट टीम के साथ मुंबई आए थे, लेकिन अब वह क्वारंटाइन में है। 35 वर्षीय अश्विन अब सभी प्रोटोकॉल आवश्यकताओं को पूरा करने के बाद ही टेस्ट टीम में शामिल होंगे। भारतीय टेस्ट टीम के बाकी सदस्य पहले से ही लीसेस्टर में हैं, जहां सभी ने लीसेस्टरशायर काउंटी ग्राउंड में प्रशिक्षण शुरू कर दिया है। टीम यहीं पर 24 जून से 4 दिवसीय अभ्यास मैच खेलेगी। रविचंद्रन अश्विन के लीसेस्टरशायर के खिलाफ शुक्रवार से शुरू हो रहे चार दिवसीय अभ्यास मैच से बाहर होने की संभावना है लेकिन वह एजबेस्टन में होने वाले पांचवें टेस्ट मैच के लिए उपलब्ध हो सकते हैं। भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़, ऋषभ पंत और श्रेयस अय्यर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला समाप्त होने के बाद बेंगलुरु से इंग्लैंड के लिए रवाना हो गए। यह श्रृंखला 2-2 से ड्रॉ समाप्त हुई थी। भारत फिलहाल पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रहा है। एजबेस्टन में 1 जुलाई से 5 जुलाई तक होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट के बाद, भारत और इंग्लैंड के बीच तीन टी-20 और तीन एकदिनी मैच खेले जाएंगे।

## काउंटी क्लब समरसेट ने टॉम कोहलर-कैडमोर के साथ किया करार



**लंदन, (हि.स.)।** समरसेट काउंटी क्रिकेट क्लब ने आगामी सीजन के लिए टॉम कोहलर-कैडमोर के साथ करार किया है। 27 वर्षीय कैडमोर ने तीन साल के सभी प्रारूप अनुबंध पर सहमति व्यक्त की है और इस सर्दी में क्लब में शामिल होंगे। पूर्व विजडन स्कूलबॉय क्रिकेटर ऑफ द ईयर और इंग्लैंड लायंस खिलाड़ी कैडमोर ने 32.30 के औसत से 176 के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ 3800 से अधिक प्रथम श्रेणी रन बनाए हैं। दाएं हाथ के बल्लेबाज घरेलू क्रिकेट में सबसे प्रभावशाली स्ट्राइकरों में से एक है और कई वैश्विक व्हाइट-बॉल फ्रैंचाइजी टूनामेंटों में अपने बेहतरीन प्रदर्शन से एक अलग पहचान बनाई है। टी20 क्रिकेट में उन्होंने 30.22 की औसत और 139.27 के स्ट्राइक रेट व 127 के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ 3000 से अधिक रन बनाए हैं। एक दिवसीय क्रिकेट में भी उनका रिकॉर्ड प्रभावशाली है। एकदिनी में उन्होंने 127 के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ 34.11 की औसत से 1800 से अधिक रन बनाए हैं। अनुबंध को अंतिम रूप देने के बाद, समरसेट क्रिकेट के निदेशक, एंडी हर्री ने कहा, "हम ऐसे प्रतिभाशाली बल्लेबाज की सेवाओं को सुरक्षित करने में सक्षम होने के लिए खुश हैं जो उच्चतम स्तर पर खेलने के लिए प्रेरित हैं। उनका रिकॉर्ड सभी प्रारूपों में खुद के लिए बोलता है।" उन्होंने कहा, "उनके पास सभी प्रारूपों में शतक बनाने का अनुभव है, जिसमें नौ प्रथम श्रेणी शतक शामिल हैं, और हम खेल के सभी प्रारूपों में उनके सकारात्मक प्रभाव की उम्मीद कर रहे हैं।" समरसेट में शामिल होने के लिए सहमत होने के बाद,कैडमोर ने कहा, "मैं वास्तव में अपने करियर के अगले अध्याय की प्रतीक्षा कर रहा हूं। समरसेट एक ऐसा क्लब है जिसे खेल के भीतर उच्च सम्मान में रखा जाता है और मैं उन्हें अगले कुछ वर्षों में कुछ ट्राफी उठाने में योगदान देने के लिए उत्सुक हूं।" उन्होंने आगे कहा, "मैं जानता हूं कि यहां समर्थक क्रिकेट के प्रति कितने जुनूनी हैं और मैं वास्तव में उनके सामने खेलने के लिए उत्सुक हूं।"

# योग के बाद खेल निदेशक ने अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अबुहुबैदा को किया सम्मानित



**लखनऊ, (हि.स.)।** विश्व योग दिवस पर केडी सिंह बाबू स्टेडियम में खेल निदेशक डा. आरपी सिंह के नेतृत्व में 1500 खिलाड़ियों ने योग किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों व उनके अभिभावकों में काफी उत्साह देखने को मिला। खेलन निदेशक ने कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग बहुत जरूरी है। कार्यक्रम का शुभारम्भ डा. आरपी सिंह, निदेशक खेल, उप्र एवं विशिष्ट अतिथि सुधीर एस हलवासिया, चेयरमैन योग एसोसिएशन, पूर्व उपाध्यक्ष भाजपा, प्रदेश संयोजक भाजपा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया गया। इसके पश्चात योग सत्र सचिव, जिला योगासन खेल संघ एवं योग गुरू मालविका बाजपेई के द्वारा कराया गया। योग कार्यक्रम उपरान्त अन्तरराष्ट्रीय पैराबैडमिन्टन खिलाड़ी एवं लक्ष्मण पुरस्कार से सम्मानित अबुहुबैदा एवं सचिव जिला योग संघ मालविका बाजपेई को डा. आरपी सिंह, निदेशक खेल द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुधीर एस हलवासिया, चेयरमैन जिला योग संघ, सैयदरफत अध्यक्ष जिला ओलम्पिक संघ, पीके श्रीवास्तव, सचिव, उप्र एथलेटिक्स संघ, निशा मिश्रा सेवानिवृत्त क्षेक्रीअ, अविनाश, जिला हाकी संघ, बी0के0 बाजपेई, रंजीत यादव सचिव, भारोत्तोलन संघ, यूजिनपाल, सचिव, उप्र तलवार बाजी संघ, सीजी शुक्ला जिला कबड्डी संघ आदि उपस्थित रहें। अन्त में अजय कुमार सेठी क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी लखनऊ ने मुख्य अतिथि खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया।

# भारत ने एशियन ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप के तीसरे दिन जीते 2 कांस्य पदक



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारत ने एशियन ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप के तीसरे दिन 2 कांस्य पदक जीते। रोनाल्डो सिंह ने 1 किमी टाइम ट्रायल इवेंट में देश का पहला अंतरराष्ट्रीय पदक जीता। भारत अब तक चैंपियनशिप में 20 पदक जीत चुका है। विश्व जूनियर चैंपियन और एशियाई रिकॉर्ड धारक रोनाल्डो सिंह लैटनजम ने 58.254 किमी / घंटा की गति के साथ साइकिल को पेडल किया और लीडरबोर्ड पर आने के लिए 1: 01.798 सेकेंड का समय लिया। उन्होंने मेन सीनियर वर्ग के 1 किमी टाइम ट्रायल इवेंट में कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा में यह उनका और भारत का पहला पदक था। जापान के युता ओबारा ने 1:01.118 सेकेंड (गति 59.902 किमी/घंटा) के साथ स्वर्ण पदक जीता और मलेशिया के साइकिल चालक मोहम्मद फादिल ने 1:01.639 सेकेंड के साथ रजत पदक जीता। पदक जीतने के बाद रोनाल्डो ने कहा, "मैं यहां गोल्ड के लिए आया था लेकिन ब्रॉन्ज से ही संतुष्ट होना पड़ा, मैंने सिर्फ अपने पिछले साल के प्रदर्शन को दोहराया जो गोल्ड के लिए काफी नहीं था, मेडल का रंग बदलने के लिए- मुझे अपनी तकनीक पर ज्यादा ध्यान देना होगा।" भारत के लिए दूसरा कांस्य पदक बिरजीत युमनाम ने जीता। पुरुष जूनियर वर्ग में 10 किमी स्क्रैच स्पर्धा में 40 लैप्स में उन्होंने तीसरा स्थान हासिल किया। कोरिया के हवारंग किम ने स्वर्ण हासिल किया जबकि मलेशिया के जुल्फहमी ऐमान दूसरे स्थान पर रहे।

# एटीके मोहन बागान ने आशीष राय और आशिक कुरुनियान के साथ किया करार



**कोलकाता, (हि.स.)।** एटीके मोहन बागान ने इंडियन सुपर फुटबॉल लीग (आईएसएल) 2022-23 सीजन से पहले आशीष राय और विंगर आशिक कुरुनियान के साथ करार किया है। 23 वर्षीय फुल-बैक खिलाड़ी आशीष पिछले दो सीजन में हैदराबाद एफसी के लिए एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी रहे हैं और उन्होंने 2021-22 सीजन में उन्हें अपना पहला आईएसएल खिताब जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वहीं आशिक पिछले कुछ सत्रों में बेंगलुरू एफसी के लिए शीर्ष प्रदर्शन करने वालों में से एक रहे हैं। राय ने अपने युवा करियर की शुरूआत 2017 में की थी जब वे पुणे सिटी अकादमी में शामिल हुए थे। फिर बाद में वह नवंबर में इंडियन एरोज की टीम में शामिल हो गए। 2018-19 सीजन में, उन्होंने एरोज के लिए हर खेल में भाग लेते हुए, अपने अवसरों का अधिकतम लाभ उठाया। इंडियन एरोज के लिए खेलना उनके करियर का एक महत्वपूर्ण क्षण साबित हुआ, पूरे सीजन में ठोस प्रदर्शन से उन्हें 2019-20 सीजन से पहले हैदराबाद एफसी से आईएसएल अनुबंध हासिल करने में मदद मिली। क्लब में शामिल होने के बाद से, 23 वर्षीय आशीष 48 मैच खेले। हालांकि राय ने अपने पहले सीजन में हैदराबाद एफसी में अपने आईएसएल करियर की शानदार शुरूआत नहीं की, लेकिन उन्होंने मुख्य कोच मैनुअल मार्केज के आने के बाद लाभ उठाया। वह उनके मार्गदर्शन में फले-फूले और आईएसएल के सर्वश्रेष्ठ फुल-बैक में से एक बन गए। आशिक ने अपने करियर की शुरूआत पुणे एफसी अकादमी से की और फिर वह लोन पर 2016 में स्पेन में विलारियल "सी" टीम में चले गए। चोट के कारण यूरोप में उनका प्रवास कम हो गया, केरल में जन्मे विंगर स्वदेश लौट आए। वह 2017 में पुणे सिटी एफसी में शामिल हुए और आईएसएल 2017-18 सत्र में जमशेदपुर के खिलाफ पदार्पण किया। पुणे सिटी एफसी में दो साल बिताने के बाद, 23 वर्षीय विंगर 2019-2020 सीजन में बेंगलुरु एफसी चले गए। उन्होंने अब तक कुल 39 मैचों के साथ क्लब के साथ एक प्रभावशाली कार्यकाल पूरा किया।

आशिक, ने हाल ही में 2023 एएफसी एशियाई कप के लिए भारतीय राष्ट्रीय टीम को क्वालीफाई कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। समय के साथ वह राष्ट्रीय टीम में मुख्य आधार बनते जा रहा हैं और वह कोच इगोर स्टिमैक की भविष्य की योजनाओं का हिस्सा है।

# तमिलनाडु के वीएम रंजीत ने यूपी के उत्कर्ष को दी मात

**-उप्र के यश वर्मा ने सीधे सेटों में कर्नाटक के राघवेन्द्र को हराया**



**लखनऊ, (हि.स.)।** आइटा मेंस राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप मुकाबले में मंगलवार को प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबला खेला गया। इसमें टॉप वरीयता प्राप्त तमिलनाडु के वीएम रंजीत ने उप्र के उत्कर्ष गुप्ता को सीधे सेटों में मात दे दी। वहीं उप्र के यश वर्मा ने सीधे सेटों में कर्नाटक के राघवेन्द्र को मात देकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। यूनाइटेड टेनिस एकेडमी आशियाना में खेले जा रहे आइटा मेंस एक लाख प्राइजमनी राष्ट्रीय चैंपियनशिप में मंगलवार को प्री-क्वार्टर फाइनल में आठ मैच खेले गए । टऍप वरीयता प्राप्त तमिलनाडु के वीएम रंजित ने यूपी के उत्कर्ष गुप्ता को सीधे सेटों में 6-0, 6-1 से मात देकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। वहीं दिल्ली के अनुज गुप्ता ने उप्र के अनिकेत श्रीवास्तव को कड़े मुकाबले में 3-6, 7-5, 6-3 से हरा दिया। मध्य प्रदेश के राघव जैसिंघानी ने दिल्ली के कृष्णांग को सीधे सेटों में 6-3, 6-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दिल्ली के कार्तिक सक्सेना ने मध्य प्रदेश के तनिक गुप्ता को 6-7, 6-2, 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। वहीं उप्र के द्वितीय वरीयता प्राप्त मान केसरवानी ने छत्तीसगढ़ के शौर्य मानिक को 7-6, 6-2 से हरा दिया। राजस्थान के आयुष शर्मा ने हरियाणा के विवेक कुमार को सीधे सेटों में हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। राजस्थान के आयुष ने हरियाणा के विवेक को, उप्र के हेमंत ने पश्चिम बंगाल के मोहम्मद आरिब को, उप्र के यश ने कर्नाटक के राघवेन्द्र को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

## एशियाई अंडर-17 कुश्ती चैंपियनशिप में भारतीय महिला पहलवानों ने चार स्वर्ण और एक कांस्य जीता



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय कैडेट महिला पहलवानों ने किर्गिस्तान के बिश्केक में आयोजित अंडर -17 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में चार स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीता। महिला कुश्ती के 5 भार वर्ग में मुकाबलों का आयोजन किया गया, जिसमें मुस्कान (40 किग्रा, स्वर्ण), श्रुति (46 किग्रा, स्वर्ण), रीना (53 किग्रा, स्वर्ण), सविता (61 किग्रा, स्वर्ण) और मानसी भड़ाना (69 किग्रा, कांस्य) ने पदक जीते। इसके अलावा पुरूष वर्ग में रोनित शर्मा ने 48 किग्रा. ग्रीको रोमन स्टाइल कुश्ती में स्वर्ण पदक जीता। वहीं, प्रदीप सिंह ने 110 किग्रा भार वर्ग में रजत और मोहित खाकर ने 80 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता। महिला कुश्ती के शेष 5 भार वर्ग और फ्री स्टाइल के 3 भार वर्ग के मुकाबले कल होंगे। टूर्नामेंट का समापन 26 जून को होगा।



स्पेन में टेक्स चोरी के मामले में पूर्व खिलाड़ी सैमुअल इटो अदालत में पेश हुए।

(फोटो-ईएमएस)

# फिटनेस और प्रदर्शन बरकरार रखने के लिए योग को खिलाड़ियों ने दिनचर्या में किया शामिल

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर देशभर में योग अभ्यास से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। योग हम सब के जीवन को एक नया आयाम देने का काम करता है और खासकर खिलाड़ियों के लिए योग एक विशेष महत्व रखता है। इसलिए परफेक्शन के साथ फिटनेस को बरकरार रखने के लिए खिलाड़ियों ने अब योग साधना को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लिया है। योग के प्रति संकल्पित और जागरूकता बढ़ाते हुए दिग्गज भारतीय महिला पहलवान बबीता फोगाट ने बहुभाषी माइक्रो-ब्लॉगिंग मंच कू ऐप के हवाले से कहा कि, "संपूर्ण मानवता के लिए भारतीय संस्कृति का अनमोल उपहार है योग। आइए, इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हम सभी संकल्प लें कि नियमित रूप से योग करेंगे।"




**भीम व अर्जुन अवार्ड विजेता मनु भाकर ने की रोज योग करने की अपील की –** एथलीट्स से लेकर फुटबॉलर और क्रिकेटर तक, लगभग सभी खेल व खिलाडियों के लिए योग विशेष महत्व रखता है। सभी ने अपनी दिनचर्या में योग को शामिल किया है, ताकि मैदान में किसी भी मौके पर मानसिक या शारीरिक तनाव का सामना न करना पड़े। भीम व अर्जुन अवार्ड विजेता मनु भाकर ने भी योग दिवस के मौके पर लोगों से अपील करते हुए कहा, "आओ मिलकर योग करें, एक दिन नहीं, हर रोज करें।" जाहिर है मौजूदा दौर में खिलाडियों के लिए खुद को चुस्त-दुरुस्त रखने का योग से बेहतर शायद ही कोई दूसरा विकल्प है। शूटिंग, बॉक्सिंग या शतरंज जैसे खेलों में एकाग्रता की सबसे अधिक जरूरत होती है, ऐसे में योग शरीर से नकारात्मक ऊर्जा और अंदर संकीर्ण हो चुकी ऊर्जा को स्वतंत्र करके, उसे एक नई सकारात्मकता और सक्रियता देता है। भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान और अर्जुन अवार्डी संदीप सिंह ने हरियाणा के पानीपत में एक योग शिविर से अपनी तस्वीरें साझा की हैं, जिसमें कहा गया है कि योग शारीरिक और भावनात्मक स्वास्थ्य दोनों की गारंटी देता है। क्िजम से अपनी एक तस्वीर साझा करते हुए क्रिकेटर ऋषि धवन ने कू करते हुए लिखा, सुखी आत्मा, एक ताजा दिमाग और एक स्वस्थ शरीर। योग से तीनों को प्राप्त किया जा सकता है। आपको योग दिवस की बहुत बहुत शुभकामनाएं। स्वस्थ जीवन जीने के लिए मैं सभी को योग का अभ्यास करने के लिए प्रोत्साहित करता हूं।

**शांति और संतोष लाता है योग –** इसमें कोई दो राय नहीं कि खिलाड़ी जितना जागरूक और सक्रिय रहेगा उतना ही वह खेल में एक्सपर्ट होगा। साथ ही योग के अन्य कुछ संतुष्ट परिणाम भी हैं। भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान और हरियाणा के स्पोर्ट्स मिनिस्टर संदीप सिंह ने आठवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर शिवाजी स्टेडियम मॉडल टाउन, पानीपत में आयोजित शिविर के दौरान कहा कि स्वास्थ्य सबसे बड़ा उपहार एवं संतोष सबसे बड़ा धन है। योग वह साधन है, जिससे यह दोनों मिलते है।" सही मायने में देखें तो योग पैकेज में प्राणायाम में शामिल अनुलोम-विलोम, आसनों में अंग-संचालन, ताड़ासन जैसे आसनों की प्रैक्टिस खिलाड़ियों के लिए बेहतर होती है।

# भारतीय परमाणु मिसाइलों की 'जासूसी' में डीआरडीओ लैब इंजीनियर गिरफ्तार

- अग्नि मिसाइलों की तकनीक, के-सीरीज की मिसाइलों की अहम जानकारी आईएसआई को लीक की
- डीआरडीएल के उन्नत नौसेना प्रणाली कार्यक्रम में शामिल इंजीनियर से दस्तावेज बरामद




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय मिसाइल कार्यक्रम की अहम जानकारी पाकिस्तान के आईएसआई एजेंट के साथ लीक करने वाले रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के लैब इंजीनियर को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसने सतह से सतह पर मार करने वाली अग्नि मिसाइलों की तकनीक और के-सीरीज की मिसाइलों के बारे में डेटा पाकिस्तान के एजेंट के साथ साझा किया। गिरफ्तार किया गया इंजीनियर हैदराबाद स्थित डीआरडीएल के अनुसंधान केंद्र इमारत (आरसीआई) परिसर में उन्नत नौसेना प्रणाली कार्यक्रम में शामिल था। विशाखापत्तनम के मूल निवासी दुक्का मल्लिकार्जुन रेड्डी ने डीआरडीएल परियोजना पर दो साल तक एक निजी कंपनी के साथ काम किया था। इसके बाद उसे 2020 में एएनएसपी परियोजना में संविदा कर्मचारी के रूप में शामिल किया गया। वह इस समय बालापुर में अनुसंधान केंद्र इमारत (आरसीआई) में डीआरडीएल के एडवांस नेवल सिस्टम प्रोग्राम के संविदा गुणवत्ता आश्वासन अभियंता के रूप में कार्यरत था।

डीआरडीओ की हैदराबाद स्थित लैब रक्षा अनुसंधान और विकास प्रयोगशाला के अनुसंधान केंद्र (डीआरडीएल) में मिसाइलों के बारे में अनुसंधान किया जाता है। इस लैब इंजीनियर ने अपनी फेसबुक प्रोफाइल पर डीआरडीएल के लिए काम करने का उल्लेख कर रखा था। इंजीनियर मल्लिकार्जुन रेड्डी को मार्च, 2020 में फेसबुक पर नताशा राव उर्फ सिमरन चोपड़ा उर्फ ओमिशा अदी के नाम की फ्रेंड रिक्वेस्ट मिली, जिसे इंजीनियर ने स्वीकार कर लिया। आईएसआई एजेंट के रूप में काम करने वाली इस महिला ने खुद को यूके डिफेंस जर्नल के एक कर्मचारी के रूप में पेश किया। उसने खुलासा किया कि पहले वह भारत के बेंगलुरु में रहती थी। उनके पिता भारतीय वायु सेना में काम करते थे और बाद में यूके चले गए। नताशा राव से बातचीत के दौरान इंजीनियर ने अपना बैंक खाता नंबर भी साझा किया और वह दिसंबर, 2021 तक उसके संपर्क में रहा। पुलिस के मुताबिक हनी ट्रैप में फंसने के बाद इंजीनियर रेड्डी ने करीब दो साल के दौरान आईएसआई हैंडलर के साथ फेसबुक के जरिये आरसीआई में मिसाइल विकास कार्यक्रमों के बारे में तस्वीरें और दस्तावेज साझा किए थे। आईएसआई एजेंट के साथ गोपनीय सूचनाएं साझा करने के आरोप में इस लैब इंजीनियर को राचाकोंडा पुलिस और बालापुर पुलिस के विशेष अभियान दल (एलबी नगर जोन) के संयुक्त अभियान के दौरान मीरपेट में उसके घर से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उसके कब्जे से दो मोबाइल फोन, एक सिम कार्ड और एक लैपटॉप जब्त किया है। इंजीनियर ने संदिग्ध पाकिस्तान के जासूस के साथ मिसाइल विकास कार्यक्रमों के संबंध में तस्वीरें और दस्तावेज साझा किए हैं। जांच में पता चला कि इंजीनियर ने सतह से सतह पर मार करने वाली अग्नि मिसाइलों की तकनीक और के-सीरीज की मिसाइलों का डेटा साझा किया। बैलिस्टिक मिसाइल के-5 के बारे में भी संदिग्ध आईएसआई एजेंट के साथ जानकारी साझा की गई है।

## स्कूलों में योग सिखाएगी केजरीवाल सरकार दिल्ली के मुख्यमंत्री ने किया ऐलान



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को त्यागराज स्टेडियम में सैकड़ों लोगों के साथ योगासन किए। दिल्लीवासियों को मुफ्त में योग सिखाने का वादा करते हुए मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि उनकी सरकार स्कूलों में भी योग की शिक्षा देना चाहती है। 'दिल्ली की योगशाला' के सदस्यों के साथ केजरीवाल के योगासन में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी साथ रहे।योगशाला में शामिल हुए लोगों को संबोधित करते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली सरकार चाहती है कि सभी लोग प्रतिदिन योग करें। उन्होंने कहा, ''यदि बच्चों में आदत (योग की) डाल दी जाए तो यह उनके साथ पूरे जीवन जुड़ा रहेगा। हमारा उद्देश्य बच्चों को योग सिखाना और देखना है कि इसे स्कूलों में कैसे शुरू किया जा सकता है।'' सीएम ने कहा कि दिल्ली में हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर अच्छा हो गया है, लेकिन योग को अपनी जिंदगी का हिस्सा बनाने से लोगों को अस्पताल जाने की जरूरत नहीं होगी। दिल्ली की योगशाला कार्यक्रम को लेकर केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने योग मुफ्त में सीखा था और दिल्लीवालों के लिए भी यह मुफ्त होगा। केजरीवाल ने कहा, ''दिल्ली में हजारों लोग योग कर रहे हैं, लेकिन हमें इसे लाखों में ले जाना है।'' आम आदमी पार्टी के संयोजक ने कहा कि 'दिल्ली की योगशाला' के तहत 564 स्थानों पर 17 हजार पुरुष, महिला, गरीब और अमीर हर दिन योग कर रहे हैं। केजरीवाल ने कहा, ''कुछ लोग मेरी आलोचना करते हैं कि फ्री में योग क्यों सीखा रहे हो? ज़िंदगी की सबसे खूबसूरत और जरूरी चीजें फ्री ही होती हैं। सबसे जरूरी चीज है हवा है, वह भगवान ने फ्री दी है, पैसे नहीं लगते। पता नहीं आने वाले समय में कोई उद्योगपति इस पर भी टैक्स लगा दे। योग भी खूबसूरत देन है भगवान की।

## गुलाम नबी आजाद कोरोना से संक्रमित



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद कोरोना संक्रमित हो गए हैं। गुलाम नमी आजाद ने मंगलवार को ट्वीट कर बताया कि आज उनकी कोविड जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। डॉक्टरों ने उन्हें होम क्वारंटाइन की सलाह दी है। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित उनकी पार्टी के अनेक सहयोगियों ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

## विधायक दल की बैठक में उद्धव ठाकरे ने दिए मुख्यमंत्री पद छोड़ने के संकेत



**मुंबई, (हि.स.)।** महाराष्ट्र की राजनीति में उभर रहे राजनीतिक संकट के बीच मंगलवार को हुई विधायक दल की बैठक में शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने मुख्यमंत्री पद छोड़ने के संकेत दिए हैं। उन्होंने बैठक में शिवड़ी के विधायक अजय चौधरी को विधायक दल का नेता नियुक्त किया है। उद्धव ठाकरे ने विधायक एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री पद का ऑफर दिया है। महाराष्ट्र में सियासी संकट के बीच मुख्यमंत्री ने आज शिवसेना के सभी सांसदों, विधायकों तथा पदाधिकारियों की बैठक बुलाई। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की अध्यक्षता में बुलाई गई शिवसेना विधायक दल की बैठक में 56 में से सिर्फ 28 विधायक शामिल हुए। बैठक में उद्धव ठाकरे ने कहा कि ढाई साल पहले महाविकास आघाड़ी सरकार बनते समय वे किन्हीं खास कारणों से मुख्यमंत्री बने थे। उसी मकसद के लिए वे मुख्यमंत्री पद छोड़ने के लिए तैयार हैं। इस बीच शिवसेना के एकनाथ शिंदे अपने समर्थक विधायकों के साथ गुजरात के सूरत में डुमस रोड स्थित ली मेरिडियन होटल में ठहरे हुए हैं। शिंदे ने ट्वीट कर कहा है कि वे स्व. बालासाहेब ठाकरे के कट्टर शिवसैनिक हैं। शिवसेना के अधिकांश विधायक महाविकास आघाड़ी सरकार से नाराज हैं। विधान परिषद चुनाव के बाद से राज्य में राजनीतिक संकट गहरा हुआ है। शिवसेना के विधायक एकनाथ शिंदे ने अपनी ही पार्टी के विरुद्ध बगावत कर दी है। इसे शांत करने का प्रयास मुख्यमंत्री कर रहे हैं लेकिन शिवसेना में हुई बगावत का असर राज्य की महाविकास आघाड़ी पर दिखने की संभावना बन गई है। शिवसेना की बैठक में विधायकों ने गद्दारों को सबक सिखाने की भी बात कही। इन विधायकों ने कहा कि शिवसेना के साथ गद्दारी करने वालों को उनके निर्वाचन क्षेत्र में घूमने नहीं देंगे।

## राष्ट्रपति चुनाव में यशवंत सिन्हा विपक्षी दलों के उम्मीदवार



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** कांग्रेस समेत विभिन्न विपक्षी दलों ने राष्ट्रपति चुनाव में यशवंत सिन्हा को संयुक्त उम्मीदवार घोषित किया है। मंगलवार को विपक्षी दलों की संसद भवन परिसर में हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में यशंवत सिन्हा के नाम की घोषणा की। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों ने सर्वसम्मति से फैसला किया है कि यशवंत सिन्हा राष्ट्रपति चुनाव के लिए विपक्ष के उम्मीदवार होंगे। विपक्षी दलों की आज हुई बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार, माकपा के सीताराम येचुरी, भाकपा के डी. राजा, समाजवादी पार्टी के प्रो रामगोपाल यादव, द्रमुक के त्रिची शिवा समेत विभिन्न विपक्षी दलों के नेता शामिल रहे। जयराम रमेश ने कहा कि 15 जून को हुई बैठक में धर्मनिरपेक्ष विपक्षी दलों ने राष्ट्रपति चुनाव में सर्वसम्मति से आम उम्मीदवार चुने जाने का निर्णय किया था। इसी क्रम में आज हुई बैठक में हमने आम सहमति से यशवंत सिन्हा को उम्मीदवार चुना है। इससे पहले सिन्हा ने आज तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया था। आज सुबह ही उन्होंने ट्वीट कर कहा, तृणमूल कांग्रेस ने मुझे जो सम्मान और प्रतिष्ठा दी, उसके लिए मैं ममता जी का आभारी हूं। अब समय आ गया है जब एक बड़े राष्ट्रीय उद्देश्य के लिए मुझे पार्टी से हटकर अधिक विपक्षी एकता के लिए काम करना होगा। मुझे यकीन है कि वह इस कदम को स्वीकार करती है। उल्लेखनीय है कि यशंवत सिन्हा अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में वित्तमंत्री और विदेश मंत्री रह चुके हैं।

## दिल्ली हवाईअड्डे पर अब 10 मिनट में हो सकेगी इमरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** हवाई यात्रा के दौरान कभी-कभी विमान में कुछ समस्या आती है तो उसकी आपात लैंडिंग करानी पड़ जाती है। हाल ही में पटना एयरपोर्ट पर भी एक विमान में आग लगने के बाद आपात लैंडिंग कराई गई थी। इसे देखते हुए ही दिल्ली एयरपोर्ट सुरक्षा एजेंसियों ने बचाव कार्यों का जायजा लिया, जिसमें पता चला कि दिल्ली एयरपोर्ट पर किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए विमान की दस मिनट में लैंडिंग हो सकती है। इसके साथ ही आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी उपाय भी किए जा सकते हैं, सामन्य तौर पर विमान की आपात लैंडिंग के लिए 20 मिनट का समय होता है।

दिल्ली एयरपोर्ट पर पाया गया कि आपात लैंडिंग के लिए हाईअलर्ट घोषणा के बाद 10 मिनट के अंदर ही आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी उपाय मौजूद मिले। जिसमें 10 मिनट के अंदर ही फायर, मेडिकल सहित सभी उपाय मौजूद दिखे। वहीं दिल्ली एयरपोर्ट पर 24 घंटे में अस्थायी अस्पतालों में पांच डॉक्टर भी मौजूद रहते हैं।

## राम-राज का मतलब सबके लिये समानता और राजा हो सेवक : भूपेन्द्र यादव

- भूपेन्द्र यादव ने रामलला का किया दर्शन



**अयोध्या, (हि.स.)।** केंद्रीय श्रम, रोजगार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने मंगलवार को अयोध्या में कहा कि रामनगरी अयोध्या का समाज और दुनिया में एक प्रेरणा स्थल के रुप में आदर रहा है। अयोध्या का संदेश राम राज्य की कल्पना है जिसमें सब के लिये समानता के अवसर हो,राजा जनता का सेवक के रुप में कार्य करें। वह राम की पैड़ी, अयोध्या में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में हिस्सा लेने पहुंचे थे। अयोध्या पहुंचे केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने हनुमागढ़ी में हनुमंत लला और श्रीराम जन्मभूमि पहुंचकर रामलला का दर्शन किया। केन्द्रीय वन मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों में योग के प्रति सामूहिकता और जागरुकता का भाव पैदा किया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज आधुनिक भारत ऐसे ही निर्माण पथ पर आगे बढ रहा है, जिसका उद्दश्य है- पूरे देश में सबका साथ,सबका विकास और सबका विश्वास की संकल्पना को साकार करना और योग भी उसी का संदेश देता है। भूपेन्द्र यादव ने कहा कि आज जिस तरह से हम सभी एकत्रित होकर योग के प्रति अपनी श्रद्धा और विश्वास की अभिव्यक्ति कर रहे है वह प्रशंसनीय है।

उन्होंने कहा कि योग के प्रति अगर यह अभिव्यक्ति इच्छाशक्ति में इस तरह परिवर्तित हो जाये कि योग हमारी नित-प्रतिदिन दिनचर्या का आधार बन जाये तो भारत सिर्फ स्वस्थ ही नहीं होगा बल्कि आत्मनिर्भरता के सपने की ओर भी अग्रसर होगा। उन्होंने कहा कि योग के माध्यम से हम दुनिया भर में व्याप्त तनाव,अशांति और कोलाहल को खत्म कर सकते हैं। दुनिया में मनुष्य जिस तरह से अपने सृजनात्मक विषयों के द्वारा समाज में अच्छा योगदान दे सकता है, सभी लोग स्वास्थय की संकल्पना कर सकते हैं उस जीवन पद्दति का नाम योग है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि योग केवल एक शारीरिक अनुशासन नहीं है। योग के जो अष्टमार्ग पतांजलि ने बताये हैं-- यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधियम के द्वारा हम अपने अंदर नैतिकता का विकास करते हैं,नियम के द्वारा शुद्द आत्मिक आचरण करते हैं,आसन के द्वारा उन शारीरिक क्रियाओं का संचालन करते हैं जो हमारे शरीर को स्वस्थ रखती है।

जब हम प्राणायाम करते हैं तो अपनी श्वास के माध्यम से हम अपने शरीर की भावनाओं का नियंत्रण करते हैं। भूपेंद्र यादव ने कहा कि योग एक ऐसी जीवन पद्दति है जो समाज के सभी वर्गो के लिये है।समाज के सभी आयु श्रेणी के लोगों के लिये है। उन्होंने कहा कि योग और सूर्य नसम्कार की क्रिया से स्वास्थय को अच्छा रखने का संकल्प न केवल व्यक्तिगत रुप से बल्कि समाज के लिये भी आवश्यक है। योग निरोग रहने का मंत्र है।

हमारे सहयोगी संरक्षक एवम् ब्यूरो प्रमुख

प्रधान सम्पादक – नरेन्द्र कुमार

सहयोगी संरक्षक

अनिल सेठी

नरेश ए बाबू-कार्यकारी निदेशक

संपादन सहयोगी - मोहित शुक्ला

सदस्य एवं रिपोर्टर

•राजकुमार कश्यप (दिल्ली) •दीपक कुमार (पटियाला)
• वीरेन्द्र कुमार ठाकुर •वीरेंद्र सिंह बघेल (फरीदाबाद)
• अनीता सिंह •राम नाथ •मुकेश गुप्ता, मीनाक्षी निगम
•मोहम्मद शमशेर (दिल्ली) • मुकेश जोशी (उत्तराखण्ड)
• अशोक कुमार, काजल शर्मा (गुरूग्राम)
• अवध किशोर त्रिपाठी (अहमदाबाद)
•श्याम लाल (मेरठ) •रामनरेश सिंह (पडरौना, उत्तरप्रदेश)
•नवीन सुरेल, तालबहेट, ललितपुर, (झाँसी)
• ओम शुक्ला, मनीष शुक्ला, शिवम शुक्ला (कानपुर)
• ओमपाल वर्मा, इन्द्रमणी मंडल (रायपुर छत्तीसगढ़)
• फ्रूमू लामों सिलीगुड़ी, रोशन कुमार मिश्रा (पश्चिम बंगाल)
▪ पिंटू बनर्जी (पश्चिम बंगाल )

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक हैं।

समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री, लेख, रचनाओं, एवम् विज्ञापनों में लेखकों और विज्ञापन दाताओं के अपने विचार हैं। इसके लिए दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही मान्य होगा।

विशेष :- किसी भी परिस्थिति में निर्णय लेने का अधिकार केवल संपादक को है।

S-529, स्कूल ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली - 110092
संपर्क – 011-35631400
Customer Care No.
83750 00628

ADVERTISMENT RATE TARIFF PLAN

FULL PAGE | HALF PAGE | QUARTER PAGE

| | |
|---|---|
| FULL FRONT PAGE | ₹1,20,000/- |
| FULL INNER PAGE | ₹60,000/- |
| FULL BACK PAGE | ₹90,000/- |
| HALF FRONT PAGE | ₹66,000/- |
| HALF PAGE INNER | ₹36,000/- |
| HALF PAGE BACK | ₹51,000/- |
| QTR. PAGE FRONT | ₹36,000/- |
| QTR. PAGE INNER | ₹21,000/- |
| QTR. PAGE BACK | ₹30,000/- |

Classifieds Ads. Per Column / 3 CM. Rs.2100/-
Visiting Card Size Advertisements:
Front Page Rs. 6000/- Back Page Rs. 4500/-
Inner Page Rs.3000/-

# नीतू कपूर नौ साल के ब्रेक के बाद धमाल मचाने को तैयार

## -कार की छत पर किया जबरदस्त डांस



**मुंबई (ईएमएस)।** बॉलीवुड की दिग्गज एक्ट्रेस नीतू कपूर करीब 9 साल के लंबे ब्रेक के बाद एक बार फिर से बड़े पर्दे पर धमाल मचाने वाली हैं। अनिल कपूर, कियारा आडवाणी, वरुण धवन और मनीष पॉल के साथ वह फिल्म जुग जुग जियो में नजर आने वाली हैं, जिसके प्रमोशन में लगी हुई हैं। नीतू इन दिनों डांस रियलिटी शो डांस दीवाने जूनियर्स को जज कर रही हैं, जहां फिल्म के प्रमोशन के लिए पूरी स्टार कास्ट पहुंची। नीतू कपूर ने डांस दीवाने जूनियर्स के सेट पर शम्मी कपूर के हिट गाने पर, कार की छत पर डांस कर लोगों को दंग कर दिया। उन्होंने शो के दूसरे जज मर्जी पेस्तोनजी के साथ मिलकर डांस किया, जिसको लोग काफी पसंद कर रहे हैं.वीडियो में आप देख सकते हैं नीतू और मर्जी दोनों कार की छत पर खड़े हैं और गाने की धुन बजते ही डांस करना शुरू कर देते हैं। दोनों ने मोहम्मद रफी के गाने ओ हसीना जुल्फों वाली जाने जहां पर डांस किया है। इस गाने को साल 1966 में आई फिल्म तीसरी मंजिल में एक्टर शम्मी कपूर और हेलन पर फिल्माया गया था। वीडियो में नीतू कपूर और मर्जी पेस्तोनजी कार की छत पर शम्मी कपूर और हेलन की तरह डांस करते दिखाई दे रहे हैं। नीतू कपूर इस दौरान यलो कलर के एथनिक सूट में नजर आ रही हैं। वहीं, मर्जी ने ऑल-ब्लैक आउटफिट पहना हुआ है। सोशल मीडिया पर ये डांस वीडियो खूब वायरल हो रहा है, जिसको लोग काफी पसंद भी कर रहे हैं. वीडियो नीतू के एक फैन ने लिखा, बाधाओं को तोड़ो! नदी की तरह बह जाओ अब आपको लिए कोई रोक नहीं है नीतू मैम!! एक अन्य ने लिखा- बहुत सुंदर, बहुत अच्छा, डांसिंग किंग और डांसिंग क्वीन। एक्ट्रेस के एक और फैन ने कॉमेंट करते हुए लिखा- नीतू जी, आपका डांस कई दूसरे लोगों को प्रेरणा देता है. इस दौरान लोग ऋषि कपूर को भी याद करते नजर आए, एक यूजर ने लिखा- मर्जी की जगह अगर ऋषि कपूर होते तो मजा आ जाता। बता दें कि नीतू सिंह दीवार, याराना, दो दुनी चार, यादों की बारात, अमर अकबर एंथॉनी, खेल-खेल में जैसी कई फिल्मों में अपनी अदाकारी का जादू दिखा चुकीं।

# ऋतिक अपनी गर्लफ्रेंड सबा के लिए है काफी केयरिंग

## -ऋतिक रोशन की इंस्टा स्टोरी हो रही वायरल



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड एक्टर ऋतिक रोशन अपनी रूमर्ड गर्लफ्रेंड सबा के लिए काफी केयरिंग और प्रोटेक्टिव हैं। दोनों ने फिलहाल तो अपने रिश्ते पर चुप्पी साधी हुई हैं, लेकिन सोशल मीडिया पर दोनों का एक-दूसरे के लिए किए जाने वाले पोस्ट ये बताते हैं कि दोनों के बीच में कुछ तो खास जरूर है। सबा आजाद एक्ट्रेस होने के साथ-साथ सिंगर भी हैं। सबा का नया सॉन्ग आई हियर योर वॉयस हाल ही में रिलीज हुआ है, जो खूब पसंद किए जा रहा है। सबा के इस गाने का रिव्यू ऋतिक रोशन ने सोशल मीडिया पर किया। उनकी पोस्ट अब खूब वायरल हो रहा है। ऋतिक रोशन ने सबा आजाद के नए गाने का रिव्यू देते हुए उनका हौंसला बढ़ाया है। ऋतिक ने अपनी इंस्टा स्टोरी परशे सबा के गाने के पोस्ट को यर करते हुए कैप्शन में लिखा, ये खूबसूरत है. इसके साथ ही उन्होंने अपने कैप्शन में हार्ट इमोजी भी शेयर की हैं। ऋतिक रोशन की इंस्टा स्टोरी वायरल हो रही है।17 जून को सबा आजाद का न्यू सॉन्ग आई हियर यूवर वाइस रिलीज हुआ। ये गाना सबा के ड्रीम प्रोजेक्ट्स में से एक है, जिस्के लिए वो काफी समय से इंतजार कर रहीं थीं.कुछ वक्त पहले ऋतिक ने द रॉकेट ब्वॉय्ज को लेकर सबा की तारीफ की थी। ऋतिक रोशन ने वेब सीरीज रॉकेट ब्वॉय्ज देखी थी और उस्को देखने के बाद इंस्टाग्राम स्टोरी पर दो पोस्ट किए थे। वर्क फ्रंट की बात करें तो ऋतिक रोशन जल्द ही अपनी अपकमिंग फिल्म विक्रम वेधा में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में उनके साथ सैफ अली खान भी लीड रोल में दिखाई देंगे। वहीं, सबा आजाद को पिछली बार वेब सीरीज रॉकेट बॉयज में देखा गया था। इस शो में उन्होंने परवाना ईरानी का रोल प्ले किया था। इस सीरीज में उनके अलावा जिम सरभ और ईश्वक सिंह भी लीड रोल में नजर आए थे। मालूम हो कि ऋतिक और सबा आजाद बॉलीवुड के वो न्यू कपल हैं, जिनकी चचार्एं इन दिनों खूब हो रही हैं। दोनों को अक्सर साथ में पैपराजी स्पॉट करते हैं और फिर वो सुर्खियों में छा जाते हैं।

# प्रियंका की वेब सीरीज सिटाडेल की शूटिंग पूरी

## -अमेरिका के अटलांटा में चल रही थी शूटिंग



**मुंबई (ईएमएस)।** अंतरराष्ट्रीय एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा की वेब सीरीज सिटाडेल की शूटिंग पूरी कर ली है। फिल्म की शूटिंग पिछले काफी समय से अमेरिका के अटलांटा में चल रही थी। अमेजॉन प्राइम वीडियो की इस सीरीज को रूसो ब्रदर्स ने प्रोड्यूस किया है। शूटिंग पूरी होने के बाद एक्ट्रेस ने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने देसी गर्ल ने सभी का शुक्रिया अदा किया है।

प्रियंका चोपड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। सिटाडेल पूरी होने की जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया पर ही दी हैं। उन्होंने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें देसी गर्ल ने शूटिंग के पहले दिन से आखिरी दिन तक की झलक दिखाई है। वीडियो में सबसे पहले सेट पर प्रियंका का वेलकम होते दिखाई दे रहा है। वह रेड ड्रेस में फूलों का गुलदस्ता लेते हुए दिखाई देती हैं। इसके बाद प्रियंका कस्टमाइज्ड कार में सेट पर पहुंचती दिखाई देती हैं। इसमें उनकी पेट डॉग डियाना भी उनके साथ दिखाई देती है। प्रियंका को ये वही कार है, जो उनके पति निक जोनस ने दी है। इस वीडियो में वो स्टूडियो भी दिखाई देता है, जहां शूटिंग हुई। प्रियंका ने वीडियो को शेयर करते हुए लिखा, और आखिरकार ये शूटिंग खत्म हो गई उन सभी को धन्यवाद, जिन्होंने इस बड़े काम को संभव और मजेदार बनाया। शुक्रिया अटलांटा। फिर मिलते हैं। इस स्पाई सीरीज में प्रियंका लीड भूमिका निभा रही हैं। उनके साथ एक्टर रिचर्ड मैडन भी नजर आएंगे, जिन्हें गेम्स ऑफ थ्रोंस में देखा जा चुका है।

वहीं, प्रियंका चोपड़ा के वर्क फ्रंट की बात करें तो दो और हॉलीवुड प्रोजेक्ट्स में वो नजर आने वाली हैं, जिसमें एक एंडिंग थिंग्स एंड इट्स ऑल कमिंग बैक टू मी शामिल है। इसके साथ ही देसी गर्ल, फरहान अख्तर की फिल्म जी ले जरा में लीड रोल में दिखाई देंगी।

# डॉन 3 में साथ होंगे शाहरुख खान और अमिताभ बच्चन



शाहरुख खान और अमिताभ बच्चन जब भी किसी फिल्म में एक साथ नजर आए हैं तो वो फिल्म शर्तिया ब्लॉकबस्टर हिट हो गई है। 'मोहब्बतें' से लेकर 'कभी खुशी कभी गम' तक इन दोनों का एक ही फिल्म में होना, फिल्म के रिकॉर्ड तोड़ बिजनेस करने की गारंटी होता है। लेकिन अब ऐसा लगता है कि शायद लंबे वक्त बाद बॉलीवुड के बादशाह और शहंशाह एक बार फिर से साथ नजर आने वाले हैं। लेकिन क्या वाकई ऐसा है? दरअसल बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट की है जिसमें शाहरुख खान और अमिताभ बच्चन एक साथ नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर में अमिताभ बच्चन फिल्म 'डॉन' (1978) के हैंडमेड पोस्टर पर अपना ऑटोग्राफ देते दिख रहे हैं और शाहरुख खान उनके पास ही खड़े हैं। फोटो में शाहरुख खान किसी फैन की तरह अमिताभ बच्चन का ऑटोग्राफ लेते नजर आ रहे हैं और अमिताभ बच्चन गाड़ी के बोनट पर पोस्टर को रखकर साइन कर रहे हैं। इस फोटो को शेयर करते हुए अमिताभ बच्चन ने कैप्शन में लिखा, 'और... अरे... फिर से उसी जोश में आ रहा हूं... डॉन।' बता दें इससे पहले भी हाल ही में अमिताभ बच्चन फिल्म डॉन से जुड़ी एक पोस्ट की थी।

# विजय बाबू पर नशे में पत्नी के साथ मारपीट का आरोप

## -पत्नी द्वारा दायर एक पुरानी याचिका आई सामने



**मुंबई (ईएमएस)।** फिल्म निर्माता विजय बाबू की पत्नी द्वारा मई 2018 में दायर एक पुरानी याचिका सामने आई है जिसके चलते एक बार फिर मलयालम एक्टर चर्चा में हैं। इस याचिका में बाबू पर आरोप लगाया गया था कि उन्होंने कई मौकों पर ड्रग्स और शराब के नशे में अपनी पत्नी के साथ मारपीट की थी। सूत्रों का कहना है कि इस याचिका का इस्तेमाल अभियोजन पक्ष ने 2022 में यौन उत्पीड़न के मामले में विजय की जमानत याचिका का विरोध करने के लिए किया था। 2022 के मामले में एक एक्ट्रेस ने आरोप लगाया था कि विजय ने अपनी शादी को व्यावहारिक तौर पर मृत के रूप में पेश किया है और वो पिछले आठ सालों तक अपनी पत्नी के साथ अच्छे संबंध नहीं बनाए, लेकिन ये शादी सिर्फ उनके बच्चे की खातिर जारी रही।वहीं अपनी जमानत याचिका में, विजय बाबू ने कहा कि उन्होंने एक सुखद जीवन बिताया है। मालूम हो कि विजय और याचिकाकर्ता ने अगस्त 2000 में शादी की और दोनों का एक बच्चा भी है। अभिनेता की पत्नी ने 2018 की दायर याचिका में आरोप लगाया कि उनके पति का दूसरी महिलाओं के साथ संबध है और वे भांग और शराब जैसी नशीली चीजों के भी आदि हो चुके हैं. याचिका में एक अन्य मामले का भी जिक्र है जिसमें प्रोड्यूसर सैंड्रा थॉमस ने आरोप लगाया था कि उनके साथ भी विजय ने यौन शोषण किया है। बता दें कि सैंड्रा विजय की को-प्रोड्यूसर रही हैं और उनका ये भी आरोप है कि केस को मौद्रिक मुआवजा प्रोवाइड करके सुलझाया गया था जिसके कारण विजय को लगा कि वे मनी पावर या कहें पैसे की बदौलत किसी भी क्रिमिनल एक्ट के परिणामों से बच सकते हैं। याचिका में ये भी आरोप थे कि विजय बाबू से जुड़े एक व्यक्ति ने 2022 में यौन उत्पीड़न के मामले में पीड़ित एक्ट्रेस को केस वापस लेने के लिए 1 करोड़ रुपए देने की पेशकश की थी. चार साल पुरानी याचिका में पीड़िता द्वारा कहा गया है कि विजय का पीड़ितों के प्रति इतना आक्रामक व्यवहार था वो न यौन शोषण बल्कि कई बार उसका शारीरिक शोषण भी करता था और उसकी जान को खतरा था।गौरतलब है कि 2018 की याचिका में भी विजय की पत्नी ने इसी तरह के हमलों का आरोप लगाए थे। पत्नी ने अपनी याचिका में कहा था कि उसने पुलिस से संपर्क करने के बारे में सोचा था लेकिन विजय की मां और भाई-बहनों ने उन्हें रोका।पर उसका आगे भी ऐसा रवैया रहा और उसने घर के फर्नीचर को नष्ट कर दिया और उसका फोन तोड़ दिया। पत्नी ये यह भी आरोप लगाया कि उनका पति हर बार उसके साथ मारपीट करने के कारण खोजने लगा। वहीं जब उसने अपनी नौकरी से इस्तीफा देने से इनकार कर दिया, जब उसे वह पसंद नहीं आया, जब वह अपने दोस्तों के साथ लड़ता था और उसे बाहर निकाल देता था। उसने कहा कि उसे ठीक से सोने भी नहीं दिया जाता था। ज्यादातर वार उसके चेहरे पर थे और उसके जबड़े और कान पर चोटें आईं जिसका इलाज भी कराया है। बता दें विजय बाबू यौन उत्पीड़न के एक मामले में आरोपी हैं और हाई कोर्ट में अपने अग्रिम जमानत के आदेश का इंतजार कर रहे हैं।

# परिणीति चोपड़ा ने समुद्र से कलेक्ट किया प्लास्टिक वेस्ट




परिणीति चोपड़ा ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में एक्ट्रेस समुद्र से प्लास्टिक कचरा और मलबा निकालते हुए दिख रही हैं। एक्ट्रेस ने वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, "डाइविंग में बहुत मजा आया, लेकिन मलबे के खिलाफ के अहम डाइव भी की। समुद्र को साफ रखने के लिए मेरे साथ जुड़ें।" बता दें, परिणीति एक सर्टिफाइड स्कूबा डाइव इंस्ट्रक्टर हैं। इस वीडियो को देखने के बाद फैंस उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। एक ने लिखा, 'आप पर बहुत गर्व है।' परिणीति, अनुपम खेर, अमिताभ बच्चन और बोमन ईरानी के साथ ऊंचाई फिल्म में नजर आएंगी।

# शेखर सुमन ने कहा- बदलते जमाने की सोच बदलती रहती है



रियलिटी कॉमेडी शो 'इंडियाज लाफ्टर चैंपियन' सोनी एंटरटेनमेंट पर 11 जून से शुरू हो चुका है। इसमें देशभर से 50 प्रतिभागियों को चुनकर लाया गया है। इस शो को अर्चना पूरण सिंह और शेखर सुमन जज कर रहे हैं। शेखर सुमन ने इस शो से जुड़ी कई सारी बातें शेयर की हैं। यह एक रियलिटी कॉमेडी शो है। इसमें देशभर से तमाम प्रतिभागियों के बीच से चुनकर इसमें 50 प्रतिभागी सिलेक्ट हुए हैं। बदलते जमाने की सोच बदलती रहती है। कल जो था, वह आज नहीं है और आज जो है, वह कल नहीं रहेगा। जमाना आगे बढ़ रहा है तो सोच भी आगे बढ़ रही है। इस तरह से खयालात बदल रहे हैं, लोगों की जबान बदल रही है, ग्रामर बदल रहा है, मीडियम बदल रहा है। इस तरह से शो में जो प्रतिभागी आए हैं, वे नई सोच के साथ आए हैं, नए किस्म का ह्यूमर लेकर आए हैं। जो कल तक और रूप में था, आज अलग रूप में है। जिस तरह से वही क्रिकेट खेल रहे हैं, पर टेक्निक नई आ गई है। कुछ इसी तरह से कॉमेडी वही है, पर बयां करने का अंदाज बदल गया है।

# रेस्लर संग्राम सिंह और पायल रोहतगी 9 जुलाई को लेंगे सात फेरे




लॉक अप फेम पायल रोहतगी अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड संग्राम सिंह से शादी करने वाली हैं। 12 साल तक एक दूसरे को डेट करने के बाद दोनों 9 जुलाई को शादी के बंधन में बंध जाएंगे। हाल ही में एक इंटरव्यू में संग्राम ने बताया कि वो अपनी डेस्टिनेशन वेडिंग आगरा में करने वाले हैं। संग्राम ने बताया, "हम अपनी शादी राजस्थान या पंजाब में करने वाले थे। हालांकि, हमने शादी का वेन्यू आगरा फाइनल किया है। मेरी फैमिली समेत सबको यहां पहुंचने में आसानी होगी। मेरी फैमिली को रोहतक से आगरा पहुंचने में लगभग 4 घंटे का समय लगेगा।" कपल की पहली मुलाकात 2011 में आगरा के पास हाइवे पर हुई थी। अपनी मुलाकात को याद करते हुए संग्राम ने बताया, "मैं एक कुश्ती लड़कर वापस आ रहा था और पायल आगरा में अपने शूट से वापस जा रही थीं। हाइवे पर उनकी कार खराब हो गई थी। हमने अपनी कार रोक कर उन्हें लिफ्ट दी। मुझे अभी भी याद है कि मैं कुश्ती की वजह से मिट्टी में सना हुआ था और पायल ने कहा था, 'गाड़ी तो बड़ी साफ है।' जिस पर मैंने रिप्लाई किया, आज तो और दिनों से ज्यादा साफ है।"

# कियारा को बाइक पर बैठाकर घूमते दिखे वरुण धवन



कियारा आडवाणी और वरुण धवन इन दिनों जुग-जुग जियो के प्रमोशन में जुटे हुए हैं। इस बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें फिल्म के प्रमोशन के दौरान वरुण धवन कियारा को बाइक पर बैठाकर घूमते नजर आए। इस वीडियो में वरुण बाइक चलाते नजर आ रहे हैं। जबकि कियारा उनके पीछे बैठी हुई हैं। वहीं, उनके पीछे बाउंसर्स पैदल सड़क पर भाग रहे हैं। अब उनका ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बता दें, फिल्म 'जुग जुग जीयो' 24 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# बारिश में भीगते हुए सूरत में योग सिखाने पहुंची मलाइका



एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा अपनी फिटनेस को लेकर अक्सर सुर्खियों में बनी रहती है। अब हाल ही में मलाइका बारिश में भीगते हुए सूरत पहुंची जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में मलाइका लोगो को योग सिखाते हुए नजर आ रही हैं। मलाइका का ये वीडियो उनके फैंस को काफी पसंद आ रहा है। एक यूजर ने लिखा- योगा टीचर, तो वहीं दूसरे यूजर ने लिखा- वेरी गुड।

## सूडोकु नवताल- 6109

★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6108 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

## अंकजाल - 6865

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 25 | 25 | 24 | | 38 | 12 | 20 | 12 | |
| 23 | 7 | | 8 | | 5 | | 6 | | 23 |
| 19 | | 8 | | | | 2 | | 5 | 23 |
| 20 | 8 | | 5 | | 8 | | 7 | | 20 |
| 28 | | 2 | | 7 | | | | | |
| | | | | | 7 | | 9 | | 31 |
| 21 | | 5 | | 7 | | 6 | | 2 | 12 |
| 18 | 5 | | 3 | | | | 5 | | 14 |
| 19 | | 3 | | 7 | | 1 | | 5 | 9 |
| | 15 | 14 | 11 | 30 | | 18 | 21 | 15 | |

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

### अंकजाल 6864 का हल

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 19 | 34 | 13 | | 18 | 20 | 16 | 16 | |
| 19 | 5 | 8 | 6 | | 6 | 8 | 7 | 5 | 26 |
| 15 | 4 | 9 | 2 | | 5 | 8 | 7 | 5 | 25 |
| 13 | 3 | 8 | 2 | | 3 | 4 | 2 | 6 | 15 |
| 28 | 7 | 9 | 3 | 7 | 2 | | | | |
| | | | | 9 | 2 | 3 | 8 | 5 | 27 |
| 22 | 6 | 7 | 3 | 6 | | 5 | 2 | 5 | 12 |
| 20 | 6 | 3 | 4 | 7 | | 8 | 3 | 5 | 16 |
| 18 | 6 | 7 | 3 | 2 | | 7 | 1 | 7 | 15 |
| | 18 | 17 | 10 | 31 | | 23 | 14 | 22 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग-5809

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | | 4 | 5 | | 1 |
| | 27 | 7 | 32 | | 34 | |
| 4 | 2 | 1 | | 3 | | 7 |
| | 33 | | 32 | | 31 | |
| 7 | 5 | | 6 | 1 | 2 | 4 |
| | 33 | 5 | 31 | | 34 | |
| | 5 | | 3 | | 7 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### अष्टयोग 5808 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 2 | 1 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 2 | 25 | 7 | 32 | 4 | 36 | 2 |
| 1 | 3 | 2 | 4 | 5 | 7 | 6 |
| 3 | 27 | 6 | 33 | 6 | 39 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 2 | 7 |
| 5 | 37 | 5 | 31 | 7 | 30 | 3 |
| 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 7 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

स्वामी एवं संपादक इंद्रा द्वारा S-529, स्कूल ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली - 110092 से जारी
Customer Care No:- 8375000628, For News & Advertisement- 8588881461, Email-info@delhicrimepress.in, Website- www.Delhicrimepress.in